ANNUAL REPORT
वार्षिक रिपोर्ट
2006 - 07

राष्ट्रीय आवास बैंक
(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

National Housing Bank
(Wholly owned by the Reserve Bank of India)

निदेशक मंडल
Board of Directors

एस. श्रीधर
S. Sridhar
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

Directors Appointed under
Section 6(1)(b) of NHB Act, 1987

डा. ऐरोल डीसूजा
Dr. Errol D'Souza

विद्याधर के. फाटक
Vidyadhar K. Phatak

Directors Appointed under
Section 6(1)(c) of NHB Act, 1987

आर. वी. शास्त्री
R. V. Shastri

जयश्री ए. व्यास
Jayshree A. Vyas

Directors Appointed under
Section 6(1)(d) of NHB Act, 1987

श्यामला गोपीनाथ
Shyamala Gopitnath

लक्ष्मी चन्द
Lakshmi Chand

Directors Appointed under
Section 6(1)(e) of NHB Act, 1987

डा. एच. एस आनन्द
Dr. H.S. Anand

अमिताभ वर्मा
Amitabh Verma

नीलम साहनी
Nilam Sawhney

Directors Appointed under
Section 6(1)(f) of NHB Act, 1987

एम. वी. पी. सी. शास्त्री
M.V.P.C. Sastry

मोहिन्दर सिंह
Mohinder Singh

राष्ट्रीय आवास बैंक

वार्षिक रिपोर्ट

2006-07

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 40(5) के अनुसार प्रस्तुत 01 जुलाई, 2006 से 30 जून, 2007 तक के वर्ष के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की 19वीं वार्षिक रिपोर्ट

सभी के लिए
वहनीय आवास

मानव की आवास जैसी एक मूलभूत आवश्यकता भारत जैसे देश, जिसकी जनसंख्या 100 करोड़ से भी अधिक है, के सामने किसी चुनौती से कम नहीं है । निवास योग्य परिस्थितियों के अभाव में, जनसंख्या वृद्धि, बढ़ते शहरीकरण और ग्रामीण शहरी प्रवास, अधिरचना के अभाव और परिवारों के केन्द्रीकरण जैसे बहुत से कारकों का योगदान है। भारत सरकार के (जनगणना 2001 और भारत सरकार की 2006 की रिपोर्ट के) अनुमान के अनुसार, देश में कुल 25 मिलियन आवासीय इकाइ यों की कमी है, जिसमें से लगभग 60% ग्रामीण क्षेत्रों में पाई जाने वाली आवासीय कमी के कारण है ।

2007-12 की ग्यारहवीं योजना के दस्तावेज़ के अनुसार, आवास की अनुमानित आवश्यकता 73.96 मिलियन आवासीय इकाइयों की है । इसमें से 47.43 मिलियन इकाइयों की कमी ग्रामीण क्षेत्रों में है । भारत सरकार के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में, कुल आवासीय आवश्यकता का 97% अर्थात् 25.73 मिलियन इकाइयों की ज़रूरत ग़रीबों और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए है । भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ग्रामीण आवास पर कार्यकरण दल की रिपोर्ट के अनुसार, कुल आवासीय आवश्यकता के 90% से भी अधिक अर्थात् 42.68 मिलियन इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में ग़रीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए अपेक्षित हैं ।

आवास, सरकार की समाज कल्याण की नीतियों के फोकस बिंदुओं में से एक रहा है । उपर्युक्त पैमाने की आवासीय आवश्यकता के समाधान के लिए, 2007-12 के दौरान वित्तीय परिव्यय का अनुमान 10 लाख करोड़ रुपए पर किया गया है । जबकि सरकार की राष्ट्रीय आवास नीति का लक्ष्य सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने का है और मांग प्रति वर्ष लगभग दो मिलियन इकाइयों की दर से बढ़ रही है । यह एक चुनौतीपूर्ण कठिन कार्य है । इसे विशेष रूप से, इस तथ्य की दृष्टि से समझा जा सकता है कि अल्प और संतुलित आय के परिवार प्रायः सुरक्षित और वहनीय आवास पाने के लिए संघर्ष करते हैं । आवासीय भूमि की सीमित आपूर्ति ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जहां भूमि की कीमतें क्रय शक्ति की क्षमता से बाहर निकल जाती हैं ।

कुछ परिवारों की "भुगतान करने की योग्यता" को प्रभावित करती सीमित आय किसी हद तक आर्थिक रूप से कमज़ोर और निम्न आय वर्गों में आवास की सुविधा का अभाव स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है । यह उस बात की प्रमुख विशेषता बताती है जिस पर नीति निर्माताओं ने बल दिया है अर्थात् सामर्थ्ययोग्य आवासीय समाधान उपलब्ध कराना, जिससे मूलभूत आवासीय और पर्यावास सुविधाओं का समाधान विशेष रूप से उन लोगों के लिए करना जिनके पास आर्थिक संसाधनों का अभाव है ।

उच्चतर सकल घरेलू उत्पाद और समग्र आर्थिक विकास के पथ पर बढ़ते हुए, शहरीकरण में वृद्धि, ग्रामीण-शहरी प्रवास और (ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में) अपर्याप्त आधारिक सुविधाओं जैसे विषयों के कारण विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमज़ोर एवं निम्न आय वर्गों में सामर्थ्यता और पहुंच में अपर्याप्तता आ गई है । इससे न केवल भूमि की लागत और निर्माण की भी लागत बढ़ रही है, अपितु इस क्षेत्र को उच्च ब्याज दरों पर उधार देने में अनुभूत जोखिम है जो किसी मकान के अधिग्रहण करने की शर्तों को बहुत कम प्रेरक बनाता है । विचारणीय प्रश्न यह है कि अल्प आय वर्ग के परिवारों के लिए सामर्थ्ययोग्य आवास के लिए न केवल आवास अपितु समुदायपूर्ण पर्यावास समाधान आवश्यक है । इस प्रकार से, सामर्थ्ययोग्य आवास की तेज़ी से आपूर्ति पर्याप्त नहीं है । भीड़भाड़ और जीवन स्तर की गुणवत्ता संबंधी कारकों जैसे विषयों पर भी ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है । राष्ट्रीय आवास बैंक ने यह चुनौती स्वीकार की है और एक बाज़ार आधारित प्रणाली तैयार करने के लिए कार्य कर रहा है, जिससे भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में, जोखिम संबंधी संकटों से निबटने संबंधी प्रभावी उपायों के माध्यम से इन वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी ।

राष्ट्रीय आवास बैंक का प्रबंध तंत्र

यथा 22 अक्तूबर, 2007 को निदेशक मंडल
राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 6 के अधीन

धारा 6(1)(क)	**श्री एस.श्रीधर,** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
धारा 6(1)(ख)	**डॉ.एरोल डीसूज़ा** प्रोफेसर, आर्थिक क्षेत्र, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
	श्री विद्याधर के.फाटक सेवानिवृत्त मुख्य प्रधानाचार्य, कस्बा और ग्राम नियोजन प्रभाग, मुम्बई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण
धारा 6(1)(ग)	**श्री आर.वी.शास्त्री** पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक
	सुश्री जयश्री ए.व्यास प्रबंध निदेशक, श्री महिला सेवा सहकारी बैंक लि.
धारा 6(1)(घ)	**सुश्री श्यामला गोपीनाथ** उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक
	श्री लक्ष्मी चंद, भा. प्रशा.से. (सेवानिवृत्त) निदेशक, केन्द्रीय निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक
धारा 6(1)(ङ)	**डॉ.एच.एस.आनंद, भा.प्रशा.से.** सचिव, भारत सरकार, आवास एवं शहरी ग़रीबी उन्मूलन मंत्रालय
	श्री अमिताभ वर्मा, भा.प्रशा.से. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
	सुश्री नीलम साहनी, भा.प्रशा.से. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय
धारा 6(1)(च)	**श्री मोहिन्दर सिंह, भा.प्रशा.से.** प्रधान सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, आवास एवं शहरी योजना विभाग
	श्री एम.वी.पी.सी. शास्त्री प्रधान सचिव, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार, आवास विभाग

निदेशकों की कार्यपालक समिति

यथा 22 अक्तूबर, 2007 को

श्री एस. श्रीधर, अध्यक्ष

सुश्री श्यामला गोपीनाथ

श्री लक्ष्मी चंद

श्री अमिताभ वर्मा

सुश्री नीलम साहनी

श्री आर.वी. शास्त्री

मंडल निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति

यथा 22 अक्तूबर, 2007 को

श्री लक्ष्मी चंद, अध्यक्ष

सुश्री श्यामला गोपीनाथ

श्री अमिताभ वर्मा

सुश्री नीलम साहनी

सुश्री जयश्री ए.व्यास

श्री विद्याधर के.फाटक

जोखिम प्रबंधन सलाहकार समिति

यथा 22 अक्तूबर, 2007 को

श्री एस.श्रीधर - अध्यक्ष

श्री आर.वी.वर्मा
कार्यपालक निदेशक

श्री सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक

श्री आर. भल्ला
महाप्रबंधक

श्री आर.एस. गर्ग
महाप्रबंधक

श्री आर. राजगोपालन
महाप्रबंधक

श्री वी.के. बदामी
उप महाप्रबंधक

श्री के. मुरलीधरन
उप महाप्रबंधक

प्रोफेसर एस.पी. पाराशर
निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर

डॉ.धर्मेन्द्र भंडारी
सनदी लेखाकार

श्री पी.एल. आहूजा
महाप्रबंधक, जोखिम प्रबंधन, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
■ प्रमुख विशेषताएं - 2006-07	9
■ अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था - 2006-07	12
■ स्वदेशी अर्थव्यवस्था - 2006-07	13
■ आवास एवं संबंधित विषय	14
■ संसाधन संग्रहण	15
■ निधियों का विनियोजन *पुनर्वित्त परिचालन* *परियोजना वित्त*	16
■ वित्तीय निष्पादन - 2006-07	19
■ सामान्य गतिविधियां - नीतिगत समीक्षा	20
■ विनियमन एवं पर्यवेक्षण	20
■ स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना	23
■ व्यवसाय नियोजन एवं संवर्धनात्मक गतिविधियां	25
■ क्षमता निर्माण	27
■ आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण	28
■ नई पहल (साझीदारी पहल)	29
■ सूचना प्रौद्योगिकीय प्रोत्साहन	32
■ अन्य घटनाक्रम - रिहायशी आवास खंड के लिए भू संपदा मूल्य सूचकांक	32
■ कंपनी (कॉर्पोरेट) अभिशासन	33
■ मानव संसाधन	37
■ राजभाषा	38
■ विविध	39
■ भावी दृष्टिकोण	39
■ वार्षिक लेखा	40

1. प्रमुख विशेषताएं - 2006-07

1.1 निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं

1.1.1 इस वर्ष के दौरान कुल 5,671.60 करोड़ रुपए की राशि संवितरित की गई जिसमें से पुनर्वित्त के संवितरण की राशि 5,500.00 करोड़ रुपए थी । कुल पुनर्वित्त के संवितरण में से मध्य/दीर्घावधि पुनर्वित्त ने 5,375.00 करोड़ रुपए (98 प्रतिशत) का और अल्पावधि पुनर्वित्त ने 125.00 करोड़ रुपए (2 प्रतिशत) का लेखा दिया । स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन कुल पुनर्वित्त 2530 करोड़ रुपए अर्थात् मध्य/दीर्घावधि पुनर्वित्त का 47 प्रतिशत था । परियोजना वित्त के प्रत्यक्ष कार्यक्रम के अधीन, संवितरण का कुल योग 171.60 करोड़ रुपए था जो कुल संवितरण का 3 प्रतिशत जताता है।

1.1.2 बैंक की निवल अनुपयोज्य आस्तियों का पिछला बराबर शून्य पर बना हुआ है ।

1.1.3 बैंक की अल्पावधि ऋण लिखतों (वाणिज्यिक पेपरों) को फिच रेटिंग्स इंडिया प्रा.लि. ने यथा एफ 1+ (इंड) और आईसीआरए ने यथा ए1 + निर्धारण (रेटिंग्स) दिया है । दीर्घावधि उधार के कार्यक्रम को क्रेडिट एनेलिसिस एंड रिसर्च लिमिटेड ने "सीएआरई एएए" निर्धारण (रेटिंग), नगण्य निवेश जोखिम द्योतित करते हुए दिया है और क्रिसिल ने "एएए/स्थिर" निर्धारण (रेटिंग) दिया है । ऐसा लिखतों पर वित्तीय बाध्यता के सामयिक भुगतान के बारे में निश्चितता की उच्च कोटि उपदर्शित करते हुए किया है ।

1.1.4 वर्ष के दौरान बैंक के उधार की राशि 7,516.50 करोड़ रुपए थी ।

1.1.5 देश का प्रथम आवासीय मूल्य सूचकांक राष्ट्रीय आवास बैंक का **रेज़ीडैक्स** इसी वर्ष तैयार किया गया था ।

1.1.6 बैंक ने विशेष रूप से समाज के अल्प सेवित और असेवित वर्गों के लिए संस्था वित्त को सुगम बनाने में कई नई पहल कीं । इनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

- वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण सुविधा प्रारम्भ करना ।
- इंदिरा आवास योजना के अधीन ग़रीबी रेखा से नीचे के हिताधिकारियों को बैंक की ओर से प्रदत्त और अधिक (टॉप अप) ऋण के लिए 100% पुनर्वित्त प्रदान करने की एक योजना लागू करना ।

10 जुलाई, 2007 को केन्द्रीय वित्त मंत्री आदरणीय श्री पी. चिदंबरम एनएचबी रेजीडेक्स का विमोचन करते हुए । इस अवसर पर कुमारी शैलजा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) , आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्रालय भी उपस्थित थीं ।

कुमारी शैलजा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्रालय प्रथम अनुसंधान पेपर का विमोचन करते हुए । इस अवसर पर श्री पृथ्वी राज चौहान, श्री एस श्रीधर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय आवास बैंक एवं डा. एच एस आनंद, भा.प्र.सेवा, सचिव, भारत सरकार, आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्रालय भी उपस्थित थे ।

- आवास एवं आय अर्जित करने के लिए एक मिश्रित ऋण राशि अर्थात् घर से कार्य चलाने वाली महिलाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादक आवास (फिरा) ।

- व्यष्टि वित्त संस्थानों के साथ संबद्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों के लिए आवासीय परियोजनाएं चलाने हेतु उन्हें वित्तीय सहायता देना ।

- राष्ट्रीय आवास बैंक ने गहन ग्रामीण व्यवसाय कार्यसंजाल (नेट वर्क) रखने वाली आवास वित्त कंपनियों को साम्य (इक्विटी) सहायता प्रदान करने और ग्रामीण आवास के संवर्धन हेतु ऐसे कार्यसंजाल (नेट वर्क) के प्रयोग को उत्साहित करने के लिए एक योजना भी प्रारम्भ की है ।

1.1.7 बैंक के अविरत अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के एक भाग के रूप में दो सामयिक पत्र/निबंध अर्थात् 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की आवास वित्त सूची-2000-05' का एक प्रवृत्ति विश्लेषण और 'आवास में लेनदेनगत लागत' ।

2. अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, 2006-07

2.1 वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2006-07 के दौरान वृद्धि होती रही । तथापि, निरन्तर मुद्रास्फीतिकारक दबाव और कच्चे तेल के मूल्यों की अस्थिरता ने विकास की गति 5.2 प्रतिशत पर रोक दी जो कि पूर्वतम वर्ष में दर्ज 5.4 प्रतिशत से भी कम थी ।

2.2 तथापि, बाज़ार की उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने सापेक्ष रूप से मुद्रास्फीति के एक हितैषी वातावरण ने सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की । समष्टि आर्थिक निष्पादन की शक्ति ने इन देशों की विदेशी निजी पूंजी के निवल अंतर्वाह सहित सार्थक पूंजीगत प्रवाह को आकर्षित किया है ।

2.3 वर्ष के दौरान, सबप्राइम बंधक का संकट संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रकट कर दिया गया था । यह प्रकाश में आया था कि अपर्याप्त ऋण के पूर्ववृत्तों के साथ उधारकर्ताओं को अत्यधिक बंधक ऋण दूर-दूर तक फैला हुआ था, जो कुल आवासीय बंधक बाज़ार का 13% होता था । मिश्रित व्युत्पन्नियों की एक सूची पूर्वता प्राप्त आस्तियों के रूप में सबप्राइम बंधकों के साथ तैयार की गई थी । संयुक्त राष्ट्र के बंधक बाज़ार के संकट ने वित्तीय बाज़ार को गम्भीर रूप से

और संयुक्त राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सामान्य रूप से प्रभावित किया । चलनिधि और ऋण, दोनों प्रभावित हुए थे, जिन पर थोड़ा असर अंतर्राष्ट्रीय रूप से पड़ा था । जबकि सबप्राइम बंधक ऋण ने रिकॉर्ड स्तर पर गृह स्वामित्व की बढ़ोतरी में सहायता की, वहीं, आवास मूल्यों में गिरावट के साथ उधारकर्ताओं की अल्प ऋण विश्वसनीयता के परिणामस्वरूप, ऋण व्यतिक्रमों की अधोमुखी गति बनी रही । संयुक्त राष्ट्र में पालन किए गए शुरूआत और वितरण 'मॉडल' ने शेष अर्थव्यवस्था के लिए सबप्राइम ऋण संकट का संप्रेषण सुनिश्चित किया ।

2.4 तथापि, भारतीय बैंककारी प्रणाली सबप्राइम संकट से प्रभावित नहीं हुई थी जिसका प्रमुख कारण ऐसी संबद्ध ऋण (क्रेडिट) व्युत्पन्नी के यूएस के बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण बाज़ार के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली का सीमा-कर का निवेश बहुत थोड़ा होना है । तथापि, इस संकट के परिणामस्वरूप उभरते बाज़ार ऋण (डेबिट) के साथ अंतर्राष्ट्रीय कॉर्पोरेट बंधपत्रों में अस्थिरता घट गई । यहां उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अर्थापत्ति सहित व्यापार चलाने की दिशा में उत्पन्न होती अनिश्चितताएं हैं ।

3. स्वदेशी अर्थव्यवस्था : 2006-07

3.1 इस वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी वृद्धि देखी गई है । सकल घरेलू उत्पाद ने वर्ष 2006-07 के दौरान 9.4% की दर से वृद्धि दर्ज की, जो कि 2004-05 में 7.5% की तुलना में एक सार्थक बढ़ोतरी थी। सेवा क्षेत्र ने 2006-07 में, सकल घरेलू उत्पाद में भारी अंशदान किया और 2005-06 में 9.6% की तुलना में 11.2% की वृद्धि दर्ज की । इसे समष्टि अर्थव्यवस्था और भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से वित्तीय क्षेत्र संबंधी जिन नीतियों का पालन किया गया, उनको एक महत्वपूर्ण संघटक के रूप में भी स्वीकार किया गया है ।

3.2 राजकोषीय सुधार वर्ष 2004 के राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन नियमों की तर्ज पर, 2006-07 में राजकोषीय नीतियों के प्राथमिक उद्देश्यों में से एक था। यह लक्षित आर्थिक वृद्धि प्राप्त करने के प्रयासों, सम्मिलित बाज़ार और आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ चला । घाटे के सभी मुख्य संकेतकों अर्थात् राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा और संशोधित अनुमान से ऊपर सकल घरेलू उत्पाद के 0.1-0.2 प्रतिशत बिंदु तक प्राथमिक घाटे में कमी से सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 0.3 प्रतिशत बिंदु तक राजकोषीय घाटा और 2008-09 तक प्रत्येक वर्ष 0.5 प्रतिशत बिंदु तक राजस्व घाटा कम होने की प्रत्याशा की जाती है। भारी वृद्धि, वर्धित कर राजस्व और मुख्य प्रमाणांकन के रूप में विवेकसम्मत व्यय प्रबंधगत नीतियों ने 2004 के राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंध नियमों के अधीन न्यूनतम अनुबद्ध अल्पीकरण से भी अधिक सभी मुख्य घाटा संकेतकों के सुधार में अंशदान किया। अर्थव्यवस्था ने समष्टि आर्थिक वृद्धि और स्थिरता में अंशदान करते हुए सार्थक राजकोषीय एवं वित्तीय समेकन का साक्ष्य दिया है ।

3.3 बेहतर कर प्रशासन के साथ मिली-जुली भारत सरकार की कर संबंधी नीतियों के परिणामस्वरूप राजस्व में सुधार हुआ और सकल कर/सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात 2006-07 में 11.5 प्रतिशत (अनंतिम लेखा) पर रहा जबकि 2005-06 में यह 10.3 प्रतिशत था।

3.4 तथापि, सतत मुद्रास्फीतिकारक प्रवृत्तियों ने अर्थव्यवस्था को भारी चुनौती देना जारी रखा । आर्थिक सर्वेक्षण, 2006-07 के अनुमान के अनुसार (2006-07)में औसत मुद्रास्फीति 5.2-5.4% पर रखते हैं। इस वर्ष में सेंट्रल बैंक के नीतिगत उपायों के साथ आगे-पीछे विभिन्न वर्गों में ब्याज कठोर होता देखा गया था । चलनिधि और मुद्रास्फीति में परिवर्तन 2006-07 में ब्याज दरें कठोर होने में परिलक्षित होता था । इसके अतिरिक्त, बैंकों की जमा और उधार देने की दरें, विशेष रूप से बाद के आधे वर्ष में उत्तरमुखी हो गईं । पूंजी बाज़ार का प्राथमिक आवधिक सुधार के साथ छितराया शेयर बाज़ार इस वर्ष उल्लेखनीय ऊंचाई पर पहुंच गया ।

3.5 विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की साम्यपूंजी (इक्विटी) का अंतर्वाह वर्ष 2005-06 के यूएस डॉलर 5.5 बिलियन की तुलना में यथा यूएस डॉलर 15.7 बिलियन था । यह पूर्वतम वर्ष की तुलना में 185% की वृद्धि थी । भू संपदा क्षेत्र विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के रास्ते से बराबर निवेश को आकर्षित करता रहा ।

3.6 सेंट्रल बैंक की मौद्रिक नीति का उदाहरण अर्थव्यवस्था में वृद्धि आवेग बनाए रखने और मुद्रास्फीति नियंत्रण के दोहरे उद्देश्यों से निर्देशित होता रहा । भारी वृद्धि की तीव्रता में परिवर्तन मुद्रास्फीतिकारक प्रत्याशाओं में चुनौती पैदा करता रहा । सेंट्रल बैंक ने मुद्रास्फीतिकारक प्रत्याशाओं को रोकने के लिए बहुत से उपाय घोषित किए, जिनका आशायित संघात कतिपय अवधियों के दौरान और कतिपय वर्गों में ब्याज दरों और कुल व्यापार पर हुआ था । एक संबंधित उपाय के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने फरवरी, 2007 के दौरान आरक्षित नकदी निधि अनुपात सोपान में 5.75% तक बढ़ा दिया और इससे आगे मार्च, 2007 में 25 आधार बिंदुओं से 6.00% तक । कतिपय, विशेष रूप से भू संपदा एवं आवास क्षेत्रों में, सतत उच्च ऋण वृद्धि के सामने आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रावधानन मानदंड कड़े कर दिए गए और जोखिम भार बढ़ा दिया गया । तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वृहत्तर ऋण प्रभाव और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना जारी रखा । 20 लाख रुपए तक के आवास ऋण सहित, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए भारी ऋण को निर्दिष्ट करने के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार देने संबंधी दिशा-निर्देश संशोधित किए गए थे ।

3.7 सेंट्रल बैंक ने वृहत्तर बाज़ार अनुशासन लागू करने के लिए लेखांकन और प्रकटीकरण संबंधी मानदंडों को कड़ा करने के भी उपाय किए । नये पूंजी पर्याप्तता संबंधी कार्यढांचा (बासल-II) के क्रियान्वयन के लिए अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए गए थे । अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहार के लिए भारतीय वित्त क्षेत्र के बैंच मार्किंग की कथित नीति के अनुरूप, वाणिज्यिक बैंक 2008 के मार्च के अंत में बासल-II लागू करना शुरू करेंगे ।

3.8 प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2007 को मई, 2007 में पारित किया गया था जिससे प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 संशोधित हुआ था, जिससे कि बंधक समर्थित ऋण सहित प्रतिभूतिकृत ऋण में व्यापार करने हेतु एक विधिक कार्यढांचा प्रदान किया जा सके । इससे भारत में वर्तमान प्रतिभूतिकरण बाज़ार की गंभीरता बढ़ने की आशा की जाती है ।

(स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण, 2006-07, भा.रि.बैंक की वार्षिक रिपोर्ट, 06-07)

4. आवास एवं संबंधित विषय

4.1 आवास वित्त ने भौतिक आस्तियों के रूप में बचत को प्रोत्साहित किया है । यह आवासार्थ मांग का समर्थन करके निर्माण उद्योग के विकास को भी प्रेरित करता है । इस क्षेत्र की आपूर्ति और मांग, दोनों पक्षों ने मुद्रास्फीतिकारक दबावों का अनुभव किया । एक ओर तो संपत्ति के मूल्य बढ़े थे, दूसरी ओर आवास वित्त की दरें अवधि के अधिकांश भाग में उत्तरमुखी रहीं । इन चुनौतियों के बावजूद भी वेतनभोगी वर्ग की पर्याप्त अवशिष्ट आय के साथ जुड़ी राजकोषीय रियायतों से वर्ष 2006-07 के दौरान आवास और आवास वित्त की भारी मांग होने लगी । वर्ष 2006-07 में, आवास वित्त कंपनियों द्वारा संवितरित कुल आवास वित्त वर्ष 2005-06 में संवितरित 30,109/- करोड़ रुपए की तुलना में 40,141/- करोड़ रुपए था । विगत पांच वर्षों में आवास वित्त ने 40 प्रतिशत से ऊपर चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है । 1992-93 में, बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के आवास वित्त संवितरण का योग 833 करोड़ रुपए था, जबकि 2006-07 में यह 1,10,000/-करोड़ रुपए हो गया है । 31 मार्च, 2007 को सकल बैंक ऋणों के मुकाबले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का आवास ऋण पोर्टफोलियो 13% था । अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की आवास ऋण सूची कुल मिलाकर, बैंककारी प्रणाली की सामान्य आस्ति गुणवत्ता के साथ मेल खाती है ।

4.2 संपत्ति के मूल्यों में स्थिर वृद्धि के साथ आवास वित्त कंपनियों और बैंकों द्वारा आवास वित्त में बढ़ रही प्रमात्रा भारतीय रिज़र्व बैंक की सम्यक निगरानी में थी । इस वर्ष में, क्षेत्र में गरमबाज़ारी की दृष्टि से बहुत से सक्रिय विनियामक उपाय किए गए थे । इस दिशा में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों की ओर से वाणिज्यिक भू संपदागत ऋणों और 20 लाख रुपए से परे रिहायशी आवास में ऋण वृद्धि प्रतिबंधित करने का संकेत दिया । इसने आवास में मानक अग्रिमों के लिए प्रावधान मानदंडों को 2 लाख रुपए से अधिक के ऋणों के लिए भी 0.4% से 1% तक बढ़ा दिया।

5. केन्द्रीय बजट 2007-08

5.1 भारत सरकार के भारत निर्माण कार्यक्रम के अधीन, 783,000 ग्रामीण आवास दिसम्बर, 2006 तक बनाए गए थे और 914,000 अतिरिक्त आवास निर्माणाधीन थे । फरवरी, 2007 में भारत सरकार की ओर से जारी आर्थिक सर्वेक्षण के अनुमान के अनुसार 1,500,000 मकानों के वार्षिक लक्ष्य के वर्ष 2006-07 में आगे बढ़ जाने की संभावना है । इस योजना के अधीन नियतन 31.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है जिससे 2007-08 में 24,603 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा सके ।

5.2 ग्रामीण क्षेत्र के अतिरिक्त, जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय नगर नवीनीकरण मिशन के अधीन नगरों के नवीनीकरण की योजना के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया होती रही । इस मिशन के अधीन 2007-08 में 4,595/-करोड़ रुपए से 4,987/-करोड़ रुपए तक की वृद्धि से आवास सहित शहरी क्षेत्र में निवेश का एक उच्चतर स्तर उत्पन्न हो जाने की आशा की जाती है । इस उपाय से समाज के (आर्थिक रूप से) कमज़ोर उन वर्गों को मदद मिलेगी जो रियायती दरों पर ऋण की भारी मात्रा का लाभ उठा सकेंगे ।

5.3 समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग की आवासीय ज़रूरत का समाधान करने के लिए, बैंक ब्याज की विभेदक दर योजना के अधीन ग्राह्य हिताधिकारियों को उधार देते हैं । यह योजना लाभदायक पेशों में लगे समाज के कमज़ोर वर्ग को एक 4 प्रतिशत की दर से वित्त प्रदान करती है । प्रति हिताधिकारी आवास ऋण की सीमा इस वर्ष के बजटीय प्रावधान में 5,000/-रुपए से बढ़ाकर 20,000/-रुपए कर दी गई थी । इस उपाय से समाज के (आर्थिक रूप से) कमज़ोर उन वर्गों को मदद मिलेगी जो रियायती दरों पर भारी ऋण का लाभ उठा सकेंगे ।

5.4 आवास वित्त की गतिविधियों का बढ़ावा देने के एक प्रयास में, आयकर अधिनियम की धारा 36(1)(viii) के अधीन आरक्षित कोष बनाने का प्रावधान है । इस वर्ष में, प्राथमिक समितियों और प्राथमिक बैंकों (अर्थात् प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों) से भिन्न लाभ अर्जित कर रहे सहकारी बैंकों को अन्य बैंकों के ऑन पार लाया गया है । धारा 36(1)(viii) की प्रसुविधा सहकारी बैंकों के लिए उपलब्ध रहेगी । इससे सहकारी बैंकों को प्रोत्साहन मिलने की आशा की जाती है ।

2006-07 के दौरान बैंक का वित्तीय परिचालन

6. संसाधन संग्रहण

6.1 इस वर्ष में, बैंक ने अल्पावधि एवं दीर्घावधि, दोनों प्रकार का उधार लिया । दीर्घावधि उधार केवल वाणिज्यिक पेपरों का दोहन करके और बैंकों से आवधिक ऋण सुविधा का लाभ उठाकर लिया गया था । इस वर्ष में, बैंक ने विभिन्न स्रोतों से 13200.55 करोड़ रुपए जुटाए । इनमें से, 5684.05 करोड़ रुपए का पुनर्भुगतान उसी वर्ष कर दिया गया था जिससे कि वर्ष के दौरान निवल उधार की राशि 7516.50 करोड़ रुपए थी ।

6.2 **उधार के कार्यक्रम का पात्रता निर्धारण (रेटिंग)**

बैंक के बंधपत्रों/वाणिज्यिक पेपरों के लिए भिन्न-भिन्न निर्धारण (रेटिंग) अभिकरणों से पात्रता निर्धारण (रेटिंग्स) प्राप्त की गई है । फिच ने 'एफ1+(इंड)' का निर्धारण (रेटिंग) किया है और

आईसीआरए ने वाणिज्यिक पेपरों के निर्गमों के ज़रिए अल्पावधि संसाधन जुटाने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक को 'ए1+' का निर्धारण (रेटिंग) दिया है । सीएआरई ने राष्ट्रीय आवास बैंक के दीर्घावधि उधार के कार्यक्रम को यथा 'सीएआरई एएए' निर्धारित (रेटेड) किया है, जबकि क्रिसिल ने इसे 'एएए/स्थिर' निर्धारण (रेटिंग) दिया है । ये निर्धारण (रेटिंग्स) लिखतों पर वित्तीय बाध्यता के सामयिक भुगतान के बारे में निश्चितता की उच्च कोटि उपदर्शित करते हैं।

6.3 बंधपत्रों को सूचीबद्ध करना

बैंक के बंधपत्र बॉम्बे शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त, अधिकांश बंधपत्र राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में भी सूचीबद्ध किए जाते हैं ।

7. निधियों का विनियोजन

7.1 बैंक की ओर से वर्ष 2006-07 में पुनर्वित्त और प्रत्यक्ष वित्त के रूप में दी गई वित्तीय सहायता का विवरण नीचे दिया जाता है :-



वर्ष के दौरान पुनरीक्षणाधीन संवितरण की राशि 5,671.60 करोड़ रुपए हो गई थी, जिसका विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :-

तालिका 7.1 - 30 जून, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए ऋण का कुल संवितरण *(करोड़ रुपए में)*

(क) पुनर्वित्त संवितरण	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	संचयी प्रारम्भ से
क. वैयक्तिक	3252.89	8062.24	5632.39	5500.00	32174.10
ख. परियोजनाएं	0.00	0.00	0.00	0.00	245.79
उप-योग	**3252.89**	**8062.24**	**5632.39**	**5500.00**	**32419.89**
(ख) प्रत्यक्ष वित्त का संवितरण	**44.49**	**27.16**	**364.56**	**171.60**	**949.26**
कुल संवितरण (क+ख)	**3297.38**	**8089.40**	**5996.95**	**5671.60**	**27697.55**

7.2 पुनर्वित्त परिचालन

वर्ष 2006-07 के दौरान, कुल 5500 करोड़ रुपए का पुनर्वित्त संवितरित किया गया था, जिसमें से 125 करोड़ रुपए अल्पावधि योजना के अधीन आवास वित्त कंपनियों के लिए संवितरित किए गए थे । पुनर्वित्त माध्यम (विंडो) के अधीन वित्तीय सहायता का विवरण यथा निम्न प्रकार है :-

तालिका 7.2 - प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों के विभिन्न वर्गों को संवितरण

संस्थान का वर्ग	राशि (करोड़ रुपए में)
आवास वित्त कंपनियां	1085
आवास वित्त कंपनियों के लिए अल्पावधि सहायता	125
बैंक	4280
सहकारी संस्थान	10
कुल संवितरण	**5500**

वर्ष 2005-06 के दौरान संवितरण जताता निम्नलिखित लेखाचित्र है :-

पुनर्वित्त संवितरण का क्षेत्र-वार संवितरण



वार्षिक पुनर्वित्त संवितरण (1999-2007)



7.3 स्वर्णजयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन निष्पादन

आवासीय ज़रूरतों के समाधान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों हेतु निधियों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने हेतु, बैंक स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को सहायता देता रहा है । यह योजना 1997 में आवासीय गतिविधियों के संवर्धनार्थ प्रारम्भ की गई थी । वर्ष के दौरान (अल्पावधि को छोड़कर) 5375 करोड़ रुपए की जारी की गई कुल आवधिक राशि में से, कुल 2530 करोड़ रुपए का 47.07% स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा दिए गए ऋणों के संबंध में जारी किया गया था । इसी योजना के अधीन बैंकों के संवितरण ने कुल संवितरण के 78.26% का लेखा दिया जबकि योजना के अधीन आवास वित्त कंपनियों को संवितरण कुल संवितरणों का 21.54% था । योजना के अधीन किए गए संवितरणों का अवशिष्ट विवरण यथा निम्न प्रकार है :-

स्वर्णजयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन क्षेत्र-वार संवितरण



राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आन्ध्र प्रदेश के महबूबनगर जिले में वित्तपोषित परियोजना के तहत निर्मित एक मकान

7.4 परियोजना वित्त

7.4.1 वर्ष के दौरान, बैंक ने सार्वजनिक आवास और विकास प्राधिकरणों को विभिन्न प्रकार की आवासीय परियोजना चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की । सार्वजनिक आवास प्राधिकरणों के अतिरिक्त, बैंक ने समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग की ज़रूरतें पूरी करने के लिए ग़ैर-सरकारी संगठनों और व्यष्टि वित्त संस्थानों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

7.4.2 प्रदत्त प्रत्यक्ष वित्त का विवरण निम्न प्रकार से है :-

7.5 राष्ट्रीय आवास बैंक की साम्य (इक्विटी) भागीदारी

एक संवर्धनात्मक भूमिका के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक तीन आवास वित्त कंपनियों, कैनफिन होम्स लिमिटेड, गृह (जीआरयूएच) फाइनेंस लिमिटेड और सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड में साम्य (इक्विटी) भागीदारी रखता है । इन तीनों आवास वित्त कंपनियों में यथा 30.06.2007 को साम्य धारिता का मूल्य 16.17 करोड़ रुपए था । इस वर्ष में बैंक की कोई नई साम्य (इक्विटी) भागीदारी नहीं थी ।

तालिका 7.4 - प्रत्यक्ष वित्त संवितरण का विवरण

	वर्ष 2006-07 के दौरान		30 जून, 2006 तक संचयी	
	संस्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)	संवितरित राशि (करोड़ रुपए में)	संस्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)	संवितरित राशि (करोड़ रुपए में)
सामान्य निधि	558.74	155.00	2234.18	771.47
विशेष निधि	2.08	16.60	292.99	177.79
योग	560.82	171.60	2527.17	949.26

7.4.3 बैंक ने आंध्र प्रदेश के एक व्यष्टि वित्त संस्थान को उसके सदस्यों, जो सीमान्त किसान है, के द्वारा 750 मकान बनाने के लिए 5.25 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की । यह ग़रीब किसानों को आश्रय के प्रावधान के प्रति एक पहल है ।

7.4.4 बैंक मुम्बई के एसपीएआरसी (स्पार्क) के साथ धारावी में उसकी गंदी-बस्ती के पुनर्वास के लिए एक परियोजना क्रियान्वित कर रहा है । इस परियोजना का अद्वितीय पहलू यह है कि ऋण की प्रतिभूति के रूप में अंतरणीय विकास अधिकारों का प्रयोग किया गया है । परियोजना का रिहायशी भाग गंदी-बस्ती पुनर्वास प्राधिकरण और वहां के निवासियों के सहयोग से पूरा कर लिया गया है और गंदी-बस्ती में रहने वाले सभी 147 परिवारों को फिर से बसा दिया गया है । नये पर्यावास में सभी मूलभूत सुख-सुविधाएं, जैसे कि जलापूर्ति, नालियां, शौचालय, इत्यादि प्रदान की गई हैं ।

8. वित्तीय निष्पादन 2006-07

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, (आस्थगित कर प्रावधान सहित) कर पूर्व लाभ की राशि 183.61 करोड़ रुपए थी, जबकि पूर्वतम वर्ष में यह 138.26 करोड़ रुपए बताई गई थी, जो कि 33% की वृद्धि दर्ज करती है । करोपरांत लाभ 114.43 करोड़ रुपए निकाला गया जबकि पूर्वतम वर्ष के दौरान यह 86.39 करोड़ रुपए निकला था । करोपरांत लाभ की राशि में 32% की वृद्धि दर्ज की गई है । लाभ में वृद्धि के परिणामस्वरूप, वर्ष 2006-07 के दौरान 19.20% के मुकाबले 22.5% हो गई थी । आरक्षित निधियों का लाभ पुनर्निवेश बैंक की स्वाधिकृत निधि में 1729.40 करोड रुपए से 1829.19 करोड़ रुपए की वृद्धि की ओर ले गया था ।

सामान्य गतिविधियां

9. नीतिगत पुनरीक्षण

9.1 पुनर्वित्त

9.1.1 ग्रामीण आवास वित्त कंपनियों में साम्य (इक्विटी) भागीदारी

राष्ट्रीय आवास बैंक ने उन आवास वित्त कंपनियों की साम्य पूंजी (इक्विटी) में भागीदार बनने की एक योजना तैयार की है जो मुख्य रूप से ग्रामीण आवास ऋणों पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैं । यह ग्रामीण आवास ऋणों के लिए निधियों के प्रवाह के समाधान हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक की संवर्धनात्मक भूमिका एक भाग के रूप में है । बैंक दो ऐसे प्रस्तावों की सम्यक तत्परता पहले ही ले चुका है ।

9.2 परियोजना वित्त

9.2.1 समाज के असेवित और अल्पसेवित वर्ग के लिए आश्रय के प्रावधान पर अपने ध्यान केन्द्रण का नवीनीकरण करते हुए, बैंक ने आर्थिक रूप से कमज़ोर/निम्न आय वर्ग की परियोजनाओं पर अधिक बल देने के लिए अपनी परियोजना वित्त नीति संशोधित की । बैंक ने उन ग्रामीण क्षेत्रों, जिन्हें लेने का बैंक का प्रस्ताव है, में विभिन्न हस्तक्षेपों में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए 'आवास व्यष्टि वित्त' निर्धारित किया है । उद्देश्य है वृद्धिशील आवास को प्रोत्साहित करने जैसे हल निकाल कर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाना । इंदिरा आवास योजना और बचत संबद्ध आवास ऋण जैसे सरकार प्रायोजित कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए और अधिक (टॉप-अप) ऋण आदि कुछ उत्पाद हैं जिनकी जांच बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अल्प आय परिवारों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कर रहा है ।

10. विनियमन एवं पर्यवेक्षण

10.1 आवास वित्त कंपनियों का पंजीकरण

जैसा कि जून, 2007 के अंत में, राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29ए के अधीन राष्ट्रीय आवास बैंक से पंजीकरण का प्रमाण-पत्र पाने वाली आवास वित्त कंपनियों की कुल संख्या 42 थी और इनमें से 20 आवास वित्त कंपनियों को जनता से जमाराशियां स्वीकार करने की अनुज्ञा थी । वर्ष के दौरान, 4 आवास वित्त कंपनियों को दिए गए पंजीकरण के प्रमाण-पत्र रद्द कर दिए गए थे ।

10.2 उपभोक्ता की जागरूकता

आवास वित्त के क्षेत्र में ग्राहक संरक्षण और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय आवास बैंक ने ऐसे कदम उठाए हैं जो आवास वित्त के क्षेत्र में कार्यरत आवास वित्त कंपनियों और बैंकों का एक सामान्य मंच स्थापित करने में पराकाष्ठा पर होगा जो यथा एक स्वतः विनियामक संगठन में विकसित हो जाएगा । मंच के प्रस्तावित उद्देश्य निम्नलिखित हैं :-

क. आवास वित्त उद्योग के परिचालन के सभी क्षेत्रों में उच्च व्यावसायिक और नीतिपरक मानकों को परिभाषित करना और बनाए रखना।

ख. सर्वोत्तम व्यापार व्यवहार और आचरण संहिता पर सम्मतियों का संवर्धन और आदान-प्रदान करना ।

ग. ग्राहक की अपेक्षाओं और मांगों का ध्यान रखने वाले एक उत्तरदायी के रूप में आवास ऋणदाताओं की परियोजना छवि ।

घ. उत्तम व्यवहार वाली ग्राहक सेवा से लाभ उठाना।

ङ व्यावसायिक सूचना के आदान-प्रदान और एक उपयुक्त आंकड़ा आधार के लिए एक शोधन गृह के बतौर कार्य करना ।

च. आवास वित्त के सामान्य मुद्दों पर सरकार, विनियामकों के साथ अन्योन्य क्रिया करना।

छ. एक ठोस एवं साकल्यवादी ढंग से आवास वित्त बाज़ार के प्रकार्यकरण और विकास को सुविधाजनक बनाना ।

ज. उधार देने में ग्राहक संरक्षण, वित्तीय शिक्षा निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रयासों में उसकी सहायता करना।

इस पहल से एक प्रमाणित स्वतंत्र बंधक सलाहकारों की एक प्रणाली प्रारम्भ करने में भी सहायता मिलेगी, जो आवास ऋण जुटाने, आवास ऋण का लाभ उठाने की विभिन्न अपेक्षाओं और शर्तों एवं बैंकों तथा आवास वित्त कंपनियों से उपलब्ध विभिन्न आवास ऋण योजनाओं की विशेष विशेषताओं के निहितार्थ पर उचित एवं उद्देश्यपरक जानकारी उपलब्ध कराएंगे । यदि जनता ऐसा चाहे, तो वे उपयुक्त प्रभारों के भुगतान पर प्रस्तावित बंधक सलाहकारों से ऐसे मार्गदर्शन का लाभ उठा सकते हैं ।

10.3 उपयुक्त व्यवहार संहिता

इस बारे में उत्तम व्यवहार के लिए, राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों के लिए अपने परिपत्र सं.एनएचबी(एनडी)/डीआरएस/पीओएल-16/2006 दिनांक 05 सितम्बर, 2006 में उचित व्यवहार संहिता पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं । संहिता में ग्राहकों के साथ लेनदेन करने में आवास वित्त कंपनियों के लिए मानक निर्धारित करके उचित व्यवहार का संवर्धन किया गया है । संहिता में वृहत्तर पारदर्शिता लाने के लिए प्रयास किया गया है जिससे कि आवास वित्त कंपनियों के ग्राहकों को इस संबंध में बेहतर समझदारी हो कि वे उत्पाद एवं सेवाओं से उपयुक्त तौर पर क्या आशा कर सकते हैं । इन दिशा-निर्देशों के आधार पर, आवास वित्त कंपनियों ने अपने-अपने निदेशक मंडल के अनुमोदन से उपयुक्त व्यवहार संहिता तैयार की है और संहिता को अपने ग्राहकों की प्रसुविधा के लिए अपनी शाखाओं में प्रदर्शित किया है ।

10.4 राष्ट्रीय आवास बैंक की ओर से 'अपने ग्राहक को जानने' से संबंधित दिशा-निर्देशों एवं काले धन को वैध बनाने से रोकने के उपायों पर की गई पहल

'अपने ग्राहक को जानने' संबंधी मानदंडों और काले धन को वैध बनाने से रोकने के उपायों पर आवास वित्त कंपनियों को अप्रैल, 2006 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के आगामी क्रम में, काले धन को वैध बनाने से रोकने संबंधी अधिनियम, 2002 के अनुसार, आवास वित्त कंपनियों की प्रतिवेदन प्रणाली को अंतिम रूप इस वर्ष में दिया गया था । यह वित्तीय आसूचना इकाई - भारत (एफआईयू-इंड) के और कई अग्रणी आवास वित्त कंपनियों के साथ परामर्श से की गई थी। बैंक ने प्रतिवेदन प्रणाली पर दिशा-निर्देश जुलाई, 2006 और सितम्बर, 2006 में जारी किए थे ।

राष्ट्रीय आवास बैंक ने वित्तीय आसूचना इकाई - भारत (एफआईयूटइंड) के अंतरापृष्ठ की आवास वित्त कंपनियों के साथ सुविधा के लिए और नकदी/संदिग्ध लेनदेन से संबंधित सांविधिक प्रतिवेदन प्रणाली के कारगर क्रियान्वयन के लिए उन्हें अभिमुख और सुग्राही बनाने के लिए भी 15 सितम्बर, 2006 को बैंगलूरु में आवास वित्त कंपनियों के प्रधान अधिकारियों की एक बैठक भी आहूत की । यह प्रणाली अब परिचालनगत हो गई है ।

10.5 आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण

वर्ष 2006-07 के दौरान, बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 34 के अधीन 20 आवास वित्त कंपनियों का विनियामक निरीक्षण किया ।

बैंक ने दो आवास वित्त कंपनियों के विरुद्ध राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 33बी(1) के अधीन समापन याचिकाएं भी प्रस्तुत कीं । बैंक ने एक आवास वित्त कंपनी के विरुद्ध रा.आ.बैंक अधिनियम की धारा 49 के अनुसार विधिक कार्यवाहियां प्रारम्भ की हैं ।

10.6 अन्य विनियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय

राष्ट्रीय आवास बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों में आहूत राज्य स्तर की समन्वय समितियों की बैठक के माध्यम से अन्य विनियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय की प्रक्रिया जारी रखी है । प्रतिभागियों में भारतीय रिज़र्व बैंक, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, गृह, वित्त, विधि, आर्थिक अपराध खंड मंत्रालयों/ कंपनी पंजीयक, कंपनी लॉ बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, राज्य/क्षेत्रीय स्तर पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान, इत्यादि विभागों से अधिकारी शामिल हैं ।

वर्ष 2006-07 के दौरान, राष्ट्रीय आवास बैंक ने राज्य स्तर की समन्वय समितियों की 11 बैठकों में भाग लिया जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में हुई थीं ।

10.7 सांविधिक विवरणियों को कंप्यूटर के माध्यम से प्रस्तुत करना

अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहार सुनिश्चित करने, तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने, सुरक्षा, गोपनीयता और सत्यनिष्ठा के साथ समझौता किए बिना उपयोगकर्ता की सुविधा के लिए, बैंक ने एक केन्द्रीय निक्षेपागार प्रणाली कियान्वित की है, जिसमें आवास वित्त कंपनियां, डाक, मेल, फैक्स, इत्यादि के माध्यम से विवरणियां प्रस्तुत करने की प्रणाली बदल कर कंप्यूटर के माध्यम से विवरणियां प्रस्तुत कर सकती हैं । आवास वित्त कंपनियों द्वारा विवरणियां प्रस्तुत करने की हस्तचालित प्रणाली 01 जुलाई, 2007 से बंद कर दी गई है । इस प्रणाली के परिचालन से आवास वित्त कंपनियों द्वारा विवरणियां प्रस्तुत करना सरल और अधिक कार्यक्षम हो गया है । विवरणियों का हस्तचालित प्रस्तुतिकरण 01 जुलाई, 2007 से बंद हो गया है ।

10.7 *आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 में संशोधन*

1. आवास वित्त कंपनियों की ओर से सार्वजनिक जमाराशियों की स्वीकृति - न्यूनतम निवेश श्रेणी (ग्रेड) निर्धारण (रेटिंग) अनिवार्य 29 सितम्बर, 2006 से कोई भी आवास वित्त कंपनी तब तक सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार अथवा उसका नवीनीकरण नहीं कर सकती जब तक कि आवास वित्त कंपनी अपनी स्थायी जमाराशियों के लिए अनुमोदित निर्धारण (रेटिंग) प्राधिकरणों (क्रिसिल, आईसीआरए लि., सीएआरई एवं फिच रेटिंग्स इंडिया (प्रा.) लि. में से किसी एक से न्यूनतम निवेश श्रेणी (ग्रेड) निर्धारण (रेटिंग) प्राप्त नहीं कर लेती ।

2. ग़ैर-आवास ऋणों, जो मानक आस्तियां होते हैं, की कुल बकाया राशि के 0.4% का सामान्य प्रावधान आवास वित्त कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वे 31 मार्च, 2007 की तिमाही से प्रारम्भ कर चार तिमाहियों में, ग़ैर-आवास ऋणों, जो मानक आस्तियां होते हैं, की कुल बकाया राशि के 0.4% का एक सामान्य प्रावधान यथा निम्न प्रकार से करें :-

   क. 31 मार्च, 2007 तक 0.1 प्रतिशत

   ख. 30 जून, 2007 तक 0.2 प्रतिशत

   ग. 30 सितम्बर, 2007 तक 0.3 प्रतिशत

   घ. 31 दिसम्बर, 2007 तक 0.4 प्रतिशत

contd....

3. राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29बी की उप-धाराओं (1) एवं (2) के अनुसार उनकी ओर से निवेशित आस्तियों पर चल प्रभार निर्मित करें

13 अप्रैल, 2007 से आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 के अध्याय-II - सार्वजनिक जमाराशियों की स्वीकृति, अनुच्छेद-14 के बाद एक नया अनुच्छेद-14ए निविष्ट किया गया है, जिसमें सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार/धारण कर रही सभी आवास वित्त कंपनियों के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29बी की उप-धाराओं (1) एवं (2) के अनुसार उनके द्वारा निवेशित आस्तियों पर अपने जमाकर्ताओं के पक्ष में चल प्रभार निर्मित करना आवश्यक है ।

4. 200 लाख रुपए की न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि

राष्ट्रीय आवास बैंक ने किसी भी आवास वित्त संस्थान, जो कि एक कंपनी है, जो 31 मार्च, 2008 को अथवा इससे पूर्व किसी आवास वित्त संस्थान का व्यापार करता है, के लिए दो करोड़ रुपए की न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि का होना विनिर्दिष्ट किया है ।

5. अन्य

अवैध निर्माण संपत्ति के दुरुपयोग और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के बारे में सम्माननीय दिल्ली न्यायालय द्वारा गठित निगरानी समिति ने बैंकों/वित्तीय संस्थानों की ओर से तत्काल अनुपालनार्थ कतिपय निर्देश जारी किए हैं । इन्हें सभी आवास वित्त कंपनियों में सम्यक अनुपालनार्थ परिचारित किया गया था।

11. स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना

11.1 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना का शुभारम्भ वर्ष 1997-98 में इस दृष्टि से किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए आवास वित्त के प्रति उनकी पहुंच बेहतर हो सके । इस योजना में नई आवासीय इकाई के निर्माण और वर्तमान इकाई के उन्नयन का प्रावधान है । यह योजना विभिन्न प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों अर्थात् आवास वित्त कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है । राष्ट्रीय आवास बैंक निगरानी अभिकरण है और प्रत्येक प्राथमिक ऋणदाता संस्थान के लिए वार्षिक लक्ष्य नियत करता है ।

11.2 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आवास वित्त कंपनियों की ओर से 3,30,000 यूनिटों के लक्ष्य के मुकाबले कुल 2,98,425 इकाइयों को वित्तपोषित किया गया था । बैंकों और आवास वित्त कंपनियों का निष्पादन निम्न प्रकार से है :-

तालिका 11.1 - स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना - प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों का निष्पादन

(आवासीय इकाइयां)

संस्थान	लक्ष्य		प्राप्ति	
	2005-06	**2006-07**	**2005-06**	**2006-07**
आ.वि.कंपनियां	82,500	94,200	68,938	56,011
सार्व.क्षेत्र के बैंक	1,92,500	2,35,800	2,29,713	2,42,415
योग	**2,75,000**	**3,30,000**	**2,98,651**	**2,98,426**

11.3 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन संचयी निष्पादन

11.3.1 1997-2007 की अवधि में 19.30 लाख आवासीय इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले कुल 19.42 लाख इकाइयों को वित्तपोषित किया गया है जिससे 103 प्रतिशत निष्पादन का संकेत मिलता है । इस योजना के अधीन विभिन्न वर्षों में प्रगति यथा निम्न प्रकार रही है :-

तालिका 11.2 - स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन वर्ष-वार प्रगति

(आवासीय इकाइयों की संख्या)

वर्ष	लक्ष्य	प्राप्ति	राशि (करोड़ रुपए में)
1997-1998	50,000	51,272(102%)	उपलब्ध नहीं
1998-1999	1,00,000	1,25,731(125%)	उपलब्ध नहीं
1999-2000	1,25,000	1,41,363(113%)	उपलब्ध नहीं
2000-2001	1,50,000	1,58,426(105%)	उपलब्ध नहीं
2001-2002	1,75,000	1,87,268(107%)	3246.03
2002-2003	2,25,000	1,78,200(79%)	3816.34
2003-2004	2,50,000	2,43,753(97%)	6353.82
2004-2005	2,50,000	2,58,562(103%)	6440.95
2005-2006	2,75,000	2,98,651(109%)	8367.87
2006-2007	3,30,000	2,98,426(90%)	7664.58
योग 1997-2007	**1,930,000**	**1,941,652(100.6%)**	

उपलब्ध नहीं : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्राप्ति का प्रतिशत दर्शाते हैं ।

रेखाचित्र : 11.1 - स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन लक्ष्य एवं प्राप्ति



11.3.2 इस योजना के अधीन लक्ष्यों की चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2007-08 के दौरान 3,30,000 आवासीय इकाइयों को वित्तपोषित करने का एक लक्ष्य नियत किया है । राष्ट्रीय आवास बैंक की ओर से तथा बैंकों के लिए राज्य स्तर की बैंकर समिति की बैठक मंच द्वारा निकटता से योजना की निगरानी की जा रही है ।

12. व्यापार नियोजन एवं संवर्धनात्मक गतिविधियां

12.1 धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष

बैंक ने आवास ऋणों में की गई धोखाधड़ी के बारे में आवास वित्त कंपनियों से जानकारी एकत्रित करने के लिए एक धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष स्थापित किया है । धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष ने आवास ऋणों में की गई धोखाधड़ी के बारे में आवास वित्त कंपनियों से जानकारी प्राप्त करना और उनके साथ आदान-प्रदान करना जारी रखा । इस उद्देश्य के प्रति, बैंक उद्देश्यमूलक कारक और निवारक कार्रवाई उपदर्शित करते हुए नियमित रूप से परिपत्र जारी करता है । सभी आवास वित्त कंपनियों को कहा गया है कि वे आवश्यक रक्षोपाय करें और धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेन की घटनाओं से बचने के लिए पर्याप्त नियंत्रण रखें ।

12.2 उपभोक्ता की शिक्षा एवं उसकी शिकायतों के समाधान के माध्यम से विकासात्मक गतिविधियां

आवास क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रति कार्य करते हुए, राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त बाज़ार में गरमबाज़ारी और मूल्य वृद्धि के विषय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के समान चिंता करता है । इस समय, आवास वित्त के क्षेत्र में विश्वसनीय जानकारी के अभाव के कारण, आवास वित्त बाज़ार में वर्तमान स्थिति का आनुभाविक विश्लेषण करना कठिन है । बैंकों और आवास वित्त कंपनियों, दोनों से, आवास वित्त क्षेत्र से संबंधित जानकारी का एक ठोस एवं विश्वसनीय आंकड़ा आधार तैयार करना आज की ज़रूरत है जो आवास बाज़ार के बारे में अनुकूल नीतियां विकसित करने में सहायता कर सकता है। राष्ट्रीय आवास बैंक इसे अपनी विकासात्मक पहल के लिए प्राथमिकताओं के क्षेत्रों में निर्धारित करता है और एक व्यापक सूचना प्रणाली बनाने के प्रति कार्य करता रहा है जो आवास वित्त उद्योग में कार्यरत सभी व्यक्तियों से जानकारी एकत्रित करेगा, उसकी प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा और बाज़ार में कार्यरत सभी व्यक्तियों की प्रसुविधा के लिए इसका आदान-प्रदान करेगा ।

उपभोक्ता की शिक्षा और संरक्षण का क्षेत्र राष्ट्रीय आवास बैंक के ध्यान को केन्द्रित करने का प्रमुख क्षेत्र है । राष्ट्रीय आवास बैंक जमाराशियां ले रही आवास वित्त कंपनियों के लिए निवेश श्रेणी (ग्रेड) निर्धारण (रेटिंग) आज्ञापक बनाने से अलग, उनके द्वारा अंगीकार की जाने के लिए एक उचित आचरण संहिता पहले ही लागू कर चुका है । अपने संवर्धनात्मक उपायों के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों के विरुद्ध व्यक्तियों से मिली शिकायतों का भी समाधान करता है । शिकायतें आमतौर पर आवास वित्त कंपनियों की ओर से स्वीकृत जमाराशियों और उनकी ओर से प्रदत्त ऋणों से संबंधित होती हैं ।

12.3 आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठकें

इस वर्ष में, आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ दो बैठकें नई दिल्ली में आयोजित की गई थीं । नए उत्पाद, अर्थात् प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण, भवन निर्माताओं का निर्धारण (रेटिंग), कंप्यूटर के माध्यम से विवरणियां प्रस्तुत करने जैसे विषय कुछ ऐसे मुद्दे थे जिन पर बैठकों में विचार-विमर्श किया गया था । स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन आवास वित्त कंपनियों और बैंकों द्वारा निष्पादन और वर्ष 2007-08 के लिए नए लक्ष्यों का पुनरीक्षण भी बैठकों में किया गया था ।

सामान्य सरोकार के विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों और बैंकों की दो संयुक्त बैठकें भी आयोजित कीं । प्रतिभागियों ने प्रस्तावित भारत बंधक ऋणदाता मंच

स्थापित करने, प्रमाणित स्वतंत्र बंधक सलाहकारों का परिचय, आवास वित्त की सामर्थ्य में सुधार करने, आवास वित्त बाज़ार में धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेन की जांच के उपाय जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया।

12.4 अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र से संपर्क

इस वर्ष में, बैंक ने आंतरिक सक्षमताओं पर तैयार करने के लिए अन्य अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों की विशेषज्ञता का पता लगाया । वर्ष के दौरान, बैंक ने वेंकुवर, कनाडा में आवास वित्त के लिए अंतर्राष्ट्रीय यूनियन की 26वीं विश्व कांग्रेस में भाग लिया । आवास वित्त की अंतर्राष्ट्रीय यूनियन की विश्व कांग्रेस ने यूएसए, यूरोप, अफ्रीका और एशिया से बहुत से समान संगठनों के साथ एक कार्यसंजाल (नेटवर्क) के लिए एक अवसर प्रदान किया । बैंक ने बंधक ऋण देने में उधार देने के वर्तमान तरीके तथा भविष्य में इन देशों और भारत के बीच सहयोग की संभावना के बारे में जानकारी एकत्रित की ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को ञ्आवास नीति एवं विकासट पर विकास उपयोग (ग्रोथ कमीशन) की ओर से आयोजित कार्यशाला में एक पैनलिस्ट के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

प्रथम एशिया-पैसिफिक शासकीय सम्मेलन दिसम्बर, 2006 को नई दिल्ली में हुआ था । राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और ञ्सभी के लिए सामर्थ्ययोग्य आवासट पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी

सह-आयोजित किया । इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में बहुत से भागीदार राष्ट्रों ने भारत की आवास वित्त प्रणाली मे रुचि दर्शाई थी । बैंक ने सम्मेलन के एक भाग के रूप में आयोजित प्रदर्शनी में भी अपना ञ्स्टालट लगाया था । बैंक के 'स्टाल' ने भारी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय और स्वदेशी प्रतिनिधियों को आकर्षित किया ।

बैंक ने सिंगापुर में सितम्बर, 2006 में अंतर्राष्ट्रीय वित्त संस्थान की वार्षिक बैठक में भाग लिया । इसके साथ ही, बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम के सहयोजन में विश्व बैंक समूह द्वारा आयोजित अफ्रीका में ऋण (क्रेडिट) प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) प्रणालियों (सिस्टम्स) पर क्षेत्रीय सम्मेलन में भी भाग लिया था । बैंक ने दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में आवास वित्त का एक संयुक्त अध्ययन करने के लिए यूनेस्कैप के साथ भी एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं ।

12.5 राष्ट्रीय से संपर्क

बैंक ने फिक्की द्वारा कोलकाता में आयोजित 'शहरीकरण में उभरती प्रवृत्तियां'; "नए नगर, कोलकाता पर विशेष ध्यान केन्द्रित" विषय पर सम्मेलन प्रायोजित किया । इसने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई में जनवरी, 2007 के दौरान अर्थमितिपरक समिति का सम्मेलन भी प्रायोजित किया था । दोनों सम्मेलनों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया और उन्हें आवास एवं आवास वित्त क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों से संक्षेप में अवगत कराया ।

ग्रामीण आवास को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को एक ठोस ग्रामीण आवास सूची बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक ने 02 सितम्बर, 2006 को बैंगलुरु में दक्षिण आधारित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक सम्मेलन आयोजित किया था । प्रतिभागियों में दक्षिणी क्षेत्र के 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्ष/महाप्रबंधक और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रायोजक बैंक के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं । सम्मेलन में राष्ट्रीय आवास बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के मिलकर कार्य करने की गुंजाइश पर बल दिया गया था और इस विनियोजन के माध्यम से राष्ट्रीय आवास बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण आवासीय परियोजनाओं को निधिकृत करने में भाग लेंगे ।

12.6 विश्व पर्यावास दिवस, 2006

विश्व पर्यावास दिवस, 2006 के अवसर पर, बैंक ने विश्व पर्यावास दिवस, 2006 के विषय की दृष्टि से निम्नलिखित विषयों पर एक निबंध प्रतियोगिता घोषित की थी जिसका मूल विषय निम्न प्रकार से था 'नगर - आशा की किरण':-



विश्व पर्यावास दिवस - 2006 के अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कुमारी शैलजा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्रालय एवं श्री एस श्रीधर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय आवास बैंक - पुरस्कार प्राप्त निबंधों की पुस्तिका का विमोचन करते हुए

क. हरित एवं अर्थप्रद शहरी भवन एवं आधारिक ढांचा

ख. शहरी ग़रीबों के लिए भूमि की अवधि और

ग. शहरी भूमि का सही/उपयुक्त उपयोग

यह प्रतियोगिता भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्तीय संस्थानों, राष्ट्रीय आवास बैंक में पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सभी कर्मचारियों के लिए खुली थी । प्रतियोगिता को भारी समर्थन मिला और निबंध की विषय-वस्तु और सुझाव विचारोत्तेजक एवं व्यावहारिक रहे हैं । निबंध के विजेताओं को 01 अक्तूबर, 2007 को हुए विश्व पर्यावास दिवस, 2007 के समारोह में बधाई दी गई थी ।

12.1 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, जो (13 अक्तूबर, 2005 से लागू हुआ था) यथा परिभाषित, एक लोक प्राधिकरण के रूप में बैंक लोगों को सूचना प्रदान करने के लिए बाध्य है । अधिनियम की अपेक्षा के अनुसार बैंक ने केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में एक अधिकारी अभिहित किया है ।

13. क्षमता निर्माण

13.1 आवास वित्त क्षेत्र में क्षमता निर्माण के एक उपाय के रूप में, बैंक क्षेत्र के कार्मिकों के लिए आवास वित्त से संबंधित विषयों पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है । इस वर्ष में, बैंक ने आठ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं । इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न संस्थानों अर्थात् आवास वित्त कंपनियों, बैंकों, निर्धारण (रेटिंग) अभिकरणों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

13.2 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आवास वित्त में अभिमुखीकरण कार्यक्रम, आवास वित्त में विधिक विषय, आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण, जोखिम प्रबंधन और आस्ति देयता प्रबंधन और आवास वित्त कंपनियों के लिए विनियामक कार्यढांचा जैसे आवास वित्त से संबंधित विषय शामिल थे । "धोखाधड़ी प्रबंधन" एवं "अपने ग्राहक को जानने" संबंधी दिशा-निर्देश एवं "उचित व्यवहार संहिता", जो बैंककारी और वित्त क्षेत्रों का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, आदि, जैसे नवीनतम विषयों पर भी समर्पित कार्यक्रम के माध्यम से विचार-विमर्श किया गया था । ज्ञान प्रसारण में,

प्लेयरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, बैंक ने केरल राज्य आवास बोर्ड से "आवास और आधारिक परियोजना वित्तपोषण" पर एक कार्यक्रम के लिए संबंध स्थापित किया है ।

13.3 उपर्युक्त कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रतिभागियों को औपचारिक आवास वित्त प्रणाली की गतिशीलता से अवगत कराने और उन्हें रणनीतिपरक एवं परिचालनात्मक पहलुओं से संबंधित कार्रवाई एक प्रभावी एवं विवेकसम्मत ढंग से करने के योग्य बनाने का रहा है । नियोजित पद्धति विज्ञान का रणनीतिपरक दृष्टिकोण अभिमुखीकृत विचार-विमर्श और विश्लेषणात्मक प्रयोगों के माध्यम से विशेषीकृत विषयों पर ज्ञान एवं सूचना आधारित प्रशिक्षण देना रहा है । इन कार्यक्रमों के लिए इस क्षेत्र में संकाय, विशेषज्ञों के अतिरिक्त स्वयं अपने संगठन, दोनों से, लिए जाते हैं जिनमें भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, आवास वित्त संस्थान और अन्य प्रतिष्ठित शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान से नीति निर्माता और आवास वित्त के व्यवसायी आते हैं ।

13.4 कार्यक्रम भिन्न-भिन्न प्रदेशों में आयोजित किए गए हैं, जिससे कि भिन्न-भिन्न प्रदेशों से भागीदार इन कार्यक्रमों में भाग ले सकें । वर्ष के दौरान, कार्यक्रम अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, गुवाहाटी, हैदराबाद, जम्मू, पुणे और तिरुवनंतपुरम् में आयोजित किए गए थे ।

14. आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण

14.1 आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण

वर्ष के दौरान बैंक ने 98.94 करोड़ रुपए के आवास ऋणों को प्रतिभूतिकृत किया । यह निर्गम भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रतिभूतिकरण संबंधी दिशा-निर्देशों को जारी करने के उपरांत किया गया प्रथम लेनदेन था । राष्ट्रीय आवास बैंक ने अब तक चौदह बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण संबंधी लेनदेन पूरे किए हैं, जिनमें 6 आवास वित्त कंपनियों और एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के 38,809 वैयक्तिक आवास ऋण शामिल हैं । संचयी रूप से, 862.20 करोड़ रुपए की राशि के आवास ऋण बैंक की ओर से प्रतिभूतिकृत किए गए थे । आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण के निर्गमों की सफलता ने सार्थक रूप से, ऐसे लेनदेनों से संबंधित विधिक, विनियामक, राजकोषीय लेखांकन और पूंजी बाज़ार से संबंधित अन्य विषयों की बेहतर समझ और उनके समाधान के और ऐसे निर्गमों के लिए एक प्रेरक वातावरण हेतु विभिन्न नीतिगत विषयों के लिए भी साधन उपलब्ध कराए हैं ।

राष्ट्रीय आवास बैंक के आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण के निर्गमों का ढांचा राष्ट्रीय आवास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2000 (की धाराओं 14(ईए), 14(ईबी), (14 ईसी) और 18) के उपबंधों के अधीन तैयार किया गया है, जो बैंक को प्रतिभूतिकरण संबंधी लेनदेन करने और लाभकारी हित न्यास प्रमाण-पत्रों के रूप में बंधक समर्थित प्रतिभूतियां जारी करने तथा ऐसी प्रतिभूतियों के धारकों के लिए यथा न्यास कृत्य करने के लिए प्राधिकृत करते हैं ।

14.2 प्रतिभूतिकृत आवास ऋण के समूहों (पूल) का निष्पादन

बैंक ने यह सुनिश्चित करने के लिए सेवा एवं अदाकर्ता अभिकरणों के रूप में संबंधित प्रवर्तक नियुक्त किए हैं कि प्रतिभूतिकृत ऋणों के प्रत्येक समूहन (पूल) के संबंध में संग्रहीत राशि संबंधित पास थ्रू प्रमाण-पत्र धारकों और सेवा प्रदाताओं को वितरित की जाती है। वर्ग ज्कट के पास थ्रू प्रमाण-पत्र धारकों के लिए प्रतिफल की राशि उसके अनुरूप रही है, जो निर्गमों के समय बताई गई है ।

14.3 बाज़ार विकास के लिए उपाय

क. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2007

प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 के अधीन आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण प्रारम्भ करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रयासों को केन्द्रीय बजट 2005-06 में की गई घोषणा से एक तीव्र गति प्राप्त

हुई है कि प्रतिभूतिकृत बंधक ऋण (डेबिट) उपर्युक्त अधिनियम के अधीन शामिल "प्रतिभूतियों" की ग्राह्य परिभाषा में आएगा । चालू वर्ष में इस विधेयक का अनुमोदन संसद के दोनों सदनों ने कर दिया है । इस संशोधन से आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतियों को शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध करने की सुविधा मिल जाने की आशा की जाती है । अतः इनका व्यापार किया जा सकता है जिससे आवासीय बंधकों के लिए गौण बंधक बाज़ार का विकास नई ऊंचाइयां छूएगा, ऐसी आशा की जाती है और इससे भारतीय आवास वित्त प्रणाली को वर्धित विकास असमय ही गृह ऋण के उधारकर्ताओं को लाभान्वित कर सकेगा ।

ख. भारत में गौण बंधक बाज़ार संस्थान का विकास

भारत में आवासीय बंधक समर्थित बाज़ार संस्थान विकसित करने की दृष्टि से एशियाई विकास बैंक, राष्ट्रीय आवास बैंक, आवास विकास वित्त निगम और आवास तथा नगर विकास निगम लि. की ओर से एक संयुक्त अध्ययन का कार्य सौंपा गया है । अध्ययन मई, 2006 में प्रारम्भ हुआ था । प्रतिभूतिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों के एक विस्तृत विश्लेषण का अवलोकन किया जा रहा है जिससे कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में फेन्नी माए, जिन्नी माए, इत्यादि जैसी तर्ज पर एक गौण बंधक संस्थान से समर्थित भारत में आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतियों के निर्गम के लिए प्रतिभूतिकरण तंत्र हेतु एक प्रतिमान (मॉडल) विकसित किया जा सके ।

ग. स्वत्वाधिकार की गारंटी

स्वत्वाधिकार की गारंटी बंधक आधारित उधार देने को सुविधाजनक बनाने के लिए एक वित्तीय लिखत होती है । यह एक जोखिमपूर्ण अल्पीकरण उपाय है जिससे गारंटी स्वत्वाधिकार धारक को संपत्ति पर विवाद्य के कारण किसी भी हानि से संरक्षित रखती है । यहां विशेष रूप से, पिछले कुछेक वर्षों में भारत के आवास वित्त बाज़ार में देखी गई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, देश में संकल्पना की शुरूआत की एक अनुभूत ज़रूरत बनी हुई है । राष्ट्रीय आवास बैंक स्वत्वाधिकार की गारंटी और बंधक लेनदेन संबंधी प्रबंधन सेवाओं के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय रूप से अग्रणी कंपनियों के साथ पारस्परिक बातचीत करता रहा है । ऐसी ही कुछेक कंपनियों ने भारतीय बाज़ार में अपनी सेवाएं देने का प्रस्ताव करने में रुचि ली है और राष्ट्रीय आवास बैंक उनसे विचार-विमर्श कर रहा है ।

15. नई पहल

15.1 प्रत्यावर्त बंधक(रिवर्स मॉर्टगेज)

राष्ट्रीय आवास बैंक ने प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण उत्पाद की संकल्पना की है । इसमें अनन्य रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों, जो गृह स्वामी हैं, की आवासीय संपत्ति के उन्नयन, अभिनवकरण और विस्तार के लिए वित्तीय ज़रूरतें पूरी करने और गृह सुधार तथा पेंशन/अन्य आय को संपूरित करने से संबद्ध उपयोगों का समाधान शामिल है । राष्ट्रीय आवास बैंक ने प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण की शर्तें उद्योग के भागीदारों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद तैयार की हैं ।

फरवरी, 2007 में, माननीय वित्त मंत्री के केन्द्रीय बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसरण में और भारत में प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण शुरू करने के लिए एक सुविधाजनक कार्यढांचा रखने की दृष्टि से, राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों और बैंकों के साथ परामर्श से प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण के लिए परिचालनात्मक दिशा-निर्देशों का प्रारूप तैयार किया है । प्रारूप दिशा-निर्देश राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट पर रखे गए थे और मार्च, 2007 में जनसाधारण और बैंकों तथा आवास वित्त कंपनियों से उस पर टिप्पणियां/जानकारी मांगी गई थी। प्राप्त हुए सुझावों/जानकारी के आधार पर, राष्ट्रीय

आवास बैंक ने 31 मई, 2007 को बैंकों/आवास वित्त कंपनियों के लिए प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण हेतु अंतिम परिचालनात्मक दिशा-निर्देश जारी किए थे ।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आवास बैंक ने, एक प्रसिद्ध विधिक फर्म के परामर्श से, ऋण दस्तावेज़ों, अर्थात् ऋण आवेदन प्रपत्र, ऋण करार, साधारण बंधक विलेख के प्रतिमान प्ररूप (मॉडल फॉर्म) तैयार किए ।

प्रत्यावर्त (रिवर्स) बंधक ऋण के विभिन्न पहलुओं पर पर्याप्त सलाह दिए जाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों की ज़रूरत को स्वीकार करते हुए, राष्ट्रीय आवास बैंक का प्रस्ताव उसके नई दिल्ली एवं अन्य केन्द्रों में ग़ैर सरकारी संगठन के सहयोग से परामर्श केन्द्र खोलने की योजना है ।

15.2 ग्रामीण क्षेत्रों में अर्जक आवास

बैंक ने एक नई योजना अर्थात् ग्रामीण क्षेत्रों में अर्जक आवास (फिरा) प्रारम्भ की जिसमें आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियां चलाने के अतिरिक्त, आवास के लिए एक सम्मिश्र ऋण एक एकल माध्यम (विंडो) की भांति प्रदान किया जाता है । योजना में अंतर्निहित संकल्पना यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी आवास को परिवार के लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु उत्तोलित किया जा सकता है, यदि संस्थागत ऋण उत्पादक गतिविधि और गतिविधियां चलाने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त आवास, दोनों, के लिए उपलब्ध होता है । बैंक इस योजना को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और व्यष्टि वित्त संस्थानों की भागीदारी में क्रियान्वित करेगा ।

15.3 इंदिरा आवास योजना के हिताधिकारियों के लिए और अधिक (टॉप-अप) ऋण हेतु पुनर्वित्त

राष्ट्रीय आवास बैंक ने भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना के अधीन हिताधिकारियों को बैंकों की ओर से प्रदत्त और अधिक (टॉप-अप) ऋण के लिए 100% पुनर्वित्त देने (अधिकतम 20,000/-रुपए प्रति हिताधिकारी) की एक योजना प्रारम्भ की है । इंदिरा आवास योजना में सामान्य क्षेत्रों के लिए प्रति आवास 25,000/-रुपए तक की और पर्ततीय क्षेत्रों के लिए 27,500/-रुपए की अनुदान सहायता का प्रावधान है और यह 75:25 के आधार पर केन्द्र एवं राज्य सरकारों के हिस्से में आती है । इस योजना के क्रियान्वयन संबंधी दिशा-निर्देशों का लक्ष्य विशेष रूप से ग़रीबी रेखा से नीचे के ग्रामीण परिवार हैं ।

राष्ट्रीय आवास बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री राज विकास वर्मा, श्री सुबीर साहा, निदेशक, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर का स्वागत करते हुए, साथ में हैं राष्ट्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एस. श्रीधर

15.4 नई ग्रामीण आवास वित्त कंपनियों में साम्य (इक्विटी) भागीदारी

बैंक ने गहन ग्रामीण व्यापार कार्यसंजाल (नेटवर्क) रखने वाली और ग्रामीण आवास के संवर्धन के लिए ऐसे कार्यसंजाल (नेटवर्क) का प्रयोग करने के लिए उत्साहित आवास वित्त कंपनियों को साम्य (इक्विटी)सहायता देने की एक योजना भी प्रारम्भ की है । राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आवास वित्त कंपनियों की प्रदत्त पूंजी के 26% से अनधिक साम्य सहभागिता नहीं की जाएगी एवं यह 25 करोड़ रुपए तक सीमित रहेगी ।

15.5 ग्रामीण क्षेत्रों में भूखंडों के विकास की योजना

आवास निर्माण के लिए विकसित भूखंड ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्लभ हैं । आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण स्थानों में विकासकों की ओर से चलाई गई भूखंड विकसित करने की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने की योजना तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं । इन परियोजनाओं को चलाने वाले उद्यमी छोटे विकासक होते हैं । ये ऋण, जहां किसी एकल परियोजना के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का निवेश 5 करोड़ से अधिक नहीं है और भूखंड का औसत आकार 2000 वर्गफीट से अधिक न हो, वहां राष्ट्रीय आवास बैंक के पुनर्वित्त के लिए ग्राह्य होंगे ।

16. साझीदारी पहल

चालू वर्ष के दौरान बैंक ने आवास और आवास वित्त क्षेत्रों के विकास के लिए बैंक के प्रयासों में सुविधा की दृष्टि से संस्थागत साझीदारी करने में पहल की है । साझीदारी में प्रवेश करने के कारण पारस्परिक सहयोग से विविध गतिविधियां और प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परामर्शीय क्षेत्रों, संगठित उपनगरीय विकास, कम मूल्य के आवास, आपदा संभावित क्षेत्रों में आवास, आदिवासी लोगों के लिए आवास, ग्रामीण आवास और परस्पर सहमति के अनुसार ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में कारोबार भी करना होगा ।

इस संबंध में, राष्ट्रीय आवास बैंक ने 3 वाणिज्यिक बैंकों - ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, भारतीय स्टेट बैंक, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, एक ग़ैर-सरकारी संगठन धन (DHAN) फाउंडेशन और एक शैक्षणिक

राष्ट्रीय आवास बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री एस. श्रीधर युनाइटेड बैंक आफ इंडिया के श्री पी. के. गुप्ता के साथ गुवाहाटी में 26 फरवरी, 2007 को सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए

संस्थान, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्कीटैक्चर, नई दिल्ली के साथ एक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ।

17. सूचना प्रौद्योगिकीय पहल

17.1 सेंट्रल फॉर्म्स रेपोज़िटरी सिस्टम

बैंक की आंकड़ा संग्रहण प्रक्रिया को सुप्रवाही बनाने और इसे और अधिक प्रामाणिकता देने के लिए बैंक ने सेंट्रल फॉर्म्स रेपोज़िटरी : एकल माध्यम से सूचना संग्रहण तंत्र प्रारम्भ किया था । जनवरी, 2007 में अधिष्ठापित इस मंच को बैंक के सभी विभागों की सूचना स्रबंधी ज़रूरत का समाधान करने के लिए तैयार किया गया था । मंच परिचालित किया जा चुका है और क्रियान्वयन के प्रथम चरण में, आवास वित्त कंपनियां अपनी सांविधिक विवरणियां विनियमन एवं पर्यवेक्षण विभाग को सेंट्रल फॉर्म्स रेपोज़िटरी के माध्यम से प्रस्तुत कर रही हैं ।

17.2 एसएपी का उपक्रम-वार क्रियान्वयन

बैंक ने वर्ष 2004 में अपने प्रमुख परिचालनों को उपक्रम संसाधन नियोजन प्रणाली क्रियान्वित करके एकीकृत कर दिया था । अब यह सुविधा परियोजना वित्तपोषण प्रकार्यों और राजकोष परिचालनों को शामिल करके बैंक के वित्तीय परिचालनों के साथ एक कर दी गई है । बैंक वित्तीय प्रकायों के वर्तमान मंच को उपक्रम संसाधन नियोजन प्रणाली (ईआरपी) मंच के साथ मिलाने की भी परिकल्पना करता है । इससे लेखांकन और प्रबंध सूचना प्रणालीगत प्रकार्यों के साथ समग्र एकीकरण होने देकर बैंक को सहायता मिलने की आशा की जाती है । अंतिम अंतरण से परिचालनों के उपक्रम-वार एकीकरण में सहायता मिलेगी और सभी प्रणालियां उपक्रम संसाधन नियोजन (ईआरपी) मंच के अधीन आ जाएंगी ।

17.3 अनुसंधान संबंधी गतिविधियां

बैंक ने देश में आवास वित्त से संबंधित विभिन्न विषयों पर अनुसंधान संबंधी कार्यों को अंजाम दिया है । अनुसंधान संबंधी ऐसे दो कार्यो अर्थात् ञ्आवास में लेनदेनगत लागतट और ञ्अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की आवास वित्त सूची का एक प्रवृत्ति विश्लेषण 2000-05ट के परिणाम बैंक द्वारा ऑकेज़नल पेपरों के रूप में प्रकाशित किए गए थे । बैंक इस प्रकार के और अनुसंधान अध्ययन कर रहा है और उनके परिणामों का आदान-प्रदान प्रकाशनों के ज़रिए होने की आशा करता है ।

18. अन्य घटनाक्रम : रिहायशी आवास खंड के लिए भू संपदा मूल्य सूचकांक(रेज़ीडैक्स)

18.1 भू संपदा क्षेत्र, विशेष रूप से रिहायशी आवास खंड में भू संपदा के मूल्यों में संचलन ने न केवल सामर्थ्य की दृष्टि से, अपितु आवास से संबद्ध धन के प्रभाव के



दृष्टिकोण से भी, सदैव समाज के सभी वर्गों में गहरी रुचि पैदा की है । यद्यपि, भारत में, आवासीय संपत्ति पूरी तरह सक्रिय है, तथापि, मांग एवं आपूर्ति का अनुमान लगाने के लिए और समय पर आवास मूल्यों के उतार-चढ़ाव की खबर रखने के लिए यहां कोई संस्थागत तंत्र नहीं है ।

18.2 इस शून्य को भरने के लिए, राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस खंड में मूल्यों के उतार-चढ़ाव को पकड़ने के लिए और एक उपयुक्त मूल्य सूचकांक तैयार करने के लिए भी, एक प्रायोगिक परियोजना प्रारम्भ की है । इसके लिए भारत के पांच बड़े नगरों अर्थात् दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुम्बई, कोलकाता, बैंगलूरु एवं भोपाल से आंकड़े एकत्रित किए गए थे । एक तकनीकी सलाहकार ग्रुप गठित किया गया था जिसमें भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रतिनिधि शामिल थे । इसके अतिरिक्त, परियोजना में राष्ट्रीय आवास बैंक की सहायता के लिए और इसके क्रियान्वयन में मार्गदर्शन के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञ भी लिए गए थे ।

18.3 आवास के मूल्यों में उतार-चढ़ाव को पकड़ने वाले मूल्य सूचकांक को **"रा.आ.बैंक रैज़ीडैक्स"** नाम दिया गया है । इस सूचकांक (रैज़ीडैक्स) का औपचारिक रूप से विमोचन माननीय वित्त मंत्री श्री पी.चिदम्बरम् ने 10 जुलाई, 2007 को किया था । राष्ट्रीय आवास बैंक इस सूचकांक को अर्धवार्षिक आधार पर तैयार करेगा । प्रारम्भिक चरण में, एक मिलियन से अधिक की आबादी वाले 35 नगरों को शामिल किया जाएगा । बाद में, सूचकांक का दायरा बढ़ जाएगा और इसमें 63 नगर और शामिल हो जाऐंगे। अंत में राष्ट्रव्यापी प्रतिनिधित्व का सूचकांक तैयार किया जाएगा ।

18.4 राष्ट्रीय आवास बैंक का रैज़ीडैक्स घर खरीदने वाले उन लोगों के लिए एक संकेतक होगा, जो अपने क्रय विनिश्चय में स्वयं के लिए कुछ जोड़ना चाहते हैं । वे ऐसा नगरों के बीच, उसी नगर में विभिन्न स्थानों के बीच तुलना करके और किसी नगर विशेष में उस समय वहां की स्थानीय बस्ती में बढ़ते मूल्यों की तुलना करके स्वयं की सहायता कर सकते हैं । बैंक और आवास वित्त कंपनियां, जो आवास क्षेत्र में निवेश में सार्थक जोखिम समझती हैं, वे भी इस सूचकांक को, विशेष रूप से पूर्वता प्राप्त बंधकों के रूप में समपार्श्विक प्रतिभूति के मूल्यांकन में मूल्यवान पाएंगी।

19. कॉर्पोरेट अभिशासन

19.1 सर्वोत्तम व्यवहार के लिए प्रतिबद्ध

कॉर्पोरेट अभिशासन में सर्वोत्तम व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध, बैंक ने अपने पणधारियों (स्टेक होल्डरों) के साथ लेनदेन करने में सभी स्तरों पर निष्पादन के लिए निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व आधारभूत मूल्यों पर बल दिया है । यह कि सही लोगों को सही समय पर सही जानकारी मिल सके, इसको सुविधाजनक बनाने के लिए, बैंक एक इलैक्ट्रॉनिक प्रलेख भंडारण और पुनः प्राप्ति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया में है । इस प्रकार से, बैंक के व्यापार के कार्यों में उत्तम कंपनी अभिशासन व्यवहार शामिल है ।राष्ट्रीय आवास बैंक के पास उसका अपना वेबसाइट है, जिसमें उसकी व्यापारिक गतिविधियां, नए उत्पाद संगठन इत्यादि अंतर्विष्ट हैं । राष्ट्रीय आवास बैंक से वित्तीय सहायता, आवास वित्त कंपनियों के लिए जानकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रकाशन, आवास वित्त कंपनियों के जमाकर्ताओं के लिए जानकारी, इत्यादि से संबंधित विभिन्न जानकारी वेबसाइट पर आवास वित्त संस्थानों, इत्यादि और जनता के लिए उपलब्ध है । राष्ट्रीय आवास बैंक में पंजीकरण की इच्छुक अथवा राष्ट्रीय आवास बैंक से साम्य (इक्विटी) सहायता चाहने वाली कंपनियों के लिए नमूना आवेदन प्रपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों के विनियमन एवं पर्यवेक्षण के मामले में सूचनाएं समाचार-पत्रों में जनहिताय प्रकाशित करता है ।

19.2 निदेशक मंडल

निदेशक मंडल राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के अध्याय-III में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार गठित किया गया है । अधिनियम की धारा 5(1) के उपबंधों के अनुसार, सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और बैंक के

व्यापार के कार्यों का प्रबंधन निदेशक मंडल में निहित है । निदेशक मंडल में बैंक का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और ग्यारह ग़ैर-कार्यपालक शामिल हैं, जो जनहित का सम्यक सम्मान करते हुए व्यापार के सिद्धांतों पर कृत्य करते हैं । निदेशक मंडल ने दो समितियां गठित की हैं अर्थात् (क) निदेशकों की कार्यपालक समिति (ईसी) और (ख) निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति (एसीबी) जिससे कि बैंक के कार्यों पर बेहतर ध्यान दिया जा सके । निदेशक मंडल/समितियों की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती हैं ।

19.3 निदेशक मंडल का गठन

निदेशक मंडल/समितियों का संघटन और 01 जुलाई से 30 जून, 2007 तक के दौरान नियुक्ति की प्रकृति नीचे प्रस्तुत की जाती है :-

19.4 राष्ट्रीय आवास बैंक के निदेशक मंडल का संघटन

क्र.सं.	निदेशक का नाम	शैक्षिक योग्यता	राआबैं अधि.की धारा 6 के अधीन नियुक्ति	नियुक्ति की तारीख	सेवानिवृत्ति की तारीख	किस संघटित समिति के सदस्य हैं ?
I.	**पूर्णकालिक निदेशक**					
1.	**श्री एस.श्रीधर**	एम.एससी(फिजिक्स) वित्तीय प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री, सीएआईआईबी	धारा 6(1)(क) अ.एवं प्रबं. निदेशक	18.04.2006	–	ईसीडी
II.	**अंशकालिक निदेशक - ग़ैर-सरकारी**					
2.	**डॉ.एरोल डीसूज़ा**	एम.ए.(अर्थशास्त्र) पीएचडी	धारा 6(1)(ख) विशेषज्ञ	09.08.2005	–	–
3.	**श्री विद्याधर के.फाटक**	बी.आर्क, पीजीडी इन टाउन प्लानिंग	धारा 6(1)(ख) विशेषज्ञ	12.08.2005	–	एसीबी
4.	**श्री आर.वी.शास्त्री**	एम.ए.(अर्थशास्त्र) सीएआईआईबी	धारा 6(1)(ग) व्यावसायिक	10.08.2005	–	ईसी
5.	**सुश्री जयश्री ए.व्यास**	बी.कॉम., सनदी लौखाकार	धारा 6(1)(ग) व्यावसायिक	12.08.2005	–	एसीबी
6.	**सुश्री श्यामला गोपीनाथ**	एम.कॉम., सीएआईआईबी	धारा 6(1)(घ) भा.रि.बैंक नामिती	21.11.2005	–	(i) ईसी एवं (ii) एसीबी
7.	**श्री लक्ष्मी चंद, भाप्रसे. (सेवानिवृत्त)**	एम.ए.(अर्थशास्त्र) एलएलबी	धारा 6(1)(घ) भा.रि.बैंक नामिती	20.07.2006	–	(i) ईसी एवं (ii) एसीबी
8.	**डॉ.एच.एस.आनंद, भाप्रसे**	पीएचडी	धारा 6(1)(ङ) केन्द्रीय सरकार के अधिकारी	18.06.2007	–	–
9.	श्री रंजीत इस्सर, भाप्रसे	एम.ए.	धारा 6(1)(ङ) केन्द्रीय सरकार के अधिकारी	17.04.2006	18.06.2007	–
10.	**श्री अमिताभ वर्मा, भाप्रसे**	एम.ए.(पॉलिटिकल साइंस), एम.ए.. (अर्थशास्त्र), यूके	धारा 6(1)(ङ) केन्द्रीय सरकार के अधिकारी	18.03.2004	–	(i) ईसी एवं (ii) एसीबी

11.	**सुश्री नीलम साहनी, भाप्रसे**	एम.एससी (फिजिक्स)	धारा 6(1)(ङ) केन्द्रीय सरकार के अधिकारी	07.09.2005	–	(i) ईसी एवं (ii) एसीबी
12.	**श्री ए.के.परीदा , भाप्रसे**	एम.ए.(पॉलिटिकल साइंस)	धारा 6(1)(च) राज्य सरकार के अधिकारी	14.04.2006	–	–
13.	**श्री मोहिन्दर सिंह, भाप्रसे**	एमबीए	धारा 6(1)(च) राज्य सरकार के अधिकारी	13.05.2007	–	–
14.	श्री बी.बी.सिंह, भाप्रसे	स्नातक	धारा 6(1)(च) राज्य सरकार के अधिकारी	02.02.2007	13.05.2007	–
15.	श्री डी.सी.लाखा, भाप्रसे	एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), एलएलबी	धारा 6(1)(च) राज्य सरकार के अधिकारी	24.11.2006	02.02.2007	–
16.	श्री के.एल.मीणा, भाप्रसे	एम.एससी (बोटानी)] फॉरेट्री में डिप्लोमा	धारा 6(1)(च) राज्य सरकार के अधिकारी	05.04.2006	24.11.2006	–

नोट : वर्तमान निदेशकों के नाम बोल्ड अक्षरों में दर्शाए गए हैं ।

19.5 बैठकों का विवरण

वर्ष 2006-07 के दौरान, निदेशक मंडल की बैठकें चार-बार, कार्यपालक समिति की बैठकें तीन-बार और निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति की बैठकें चार-बार हुईं । सभी बैठकें बैंक के नई दिल्ली स्थित मुख्य कार्यालय में हुई थीं । बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण नीचे प्रस्तुत किया जाता है :-

निदेशक मंडल की बैठकों का विवरण

क्र.सं.	निदेशक का नाम	कितनी बैठकों में उपस्थित रहे	अवधि के दौरान कितनी बैठकें हुईं
1.	**श्री एस.श्रीधर**	4	4
2.	**डॉ.एरोल डीसूज़ा**	3	4
3.	**श्री विद्याधर के.फाटक**	4	4
4.	**श्री आर.वी.शास्त्री**	4	4
5.	**सुश्री जयश्री ए.व्यास**	1	4
6.	**सुश्री श्यामला गोपीनाथ**	4	4
7.	**श्री लक्ष्मी चंद**	3	4
8.	**डॉ.एच.एस.आनंद**	-	1
9.	श्री रंजीत इस्सर	3	3
10.	**श्री अमिताभ वर्मा**	4	4
11.	सुश्री नीलम साहनी	2	4
12.	श्री ए.के.परीदा	4	4
13.	**श्री मोहिन्दर सिंह**	1	1
14.	श्री बी.बी.सिंह	-	1
15.	श्री डी.सी.लाखा	-	1
16.	श्री के.एल.मीणा	-	1

कार्यपालक समिति की बैठकों का विवरण

क्र.सं.	निदेशक का नाम	कितनी बैठकों में उपस्थित रहे	अवधि के दौरान कितनी बैठकें हुईं
1.	श्री एस.श्रीधर	3	3
2.	श्री आर.वी.शास्त्री	1	2
3.	सुश्री श्यामला गोपीनाथ	2	3
4.	श्री लक्ष्मी चंद	2	3
5.	श्री अमिताभ वर्मा	2	3
6.	सुश्री नीलम साहनी	-	3

निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति की बैठकों का विवरण

क्र.सं.	निदेशक का नाम	कितनी बैठकों में उपस्थित रहे	अवधि के दौरान कितनी बैठकें हुईं
1.	**श्री लक्ष्मी चंद**	3	3
2.	**श्री विद्याधर के.फाटक**	4	4
3.	**सुश्री जयश्री ए.व्यास**	1	4
4.	**सुश्री श्यामला गोपीनाथ**	3	4
5.	**श्री अमिताभ वर्मा**	3	4
6.	**सुश्री नीलम साहनी**	1	4

नोट : *वर्तमान निदेशकों/सदस्यों के नाम बोल्ड अक्षरों में दर्शाए गए हैं ।*

19.6 लेखापरीक्षण

भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से मैसर्स डी.सिंह एंड कंपनी, सनदी लेखाकार को राष्ट्रीय आवास बैंक का यथा लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है । सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ राष्ट्रीय आवास बैंक का अर्धवार्षिक (31 दिसम्बर) और (30 जून) के वार्षिक लेखा को निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति के सामने अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया और फिर अंगीकरण के लिए निदेशक मंडल के सामने । सांविधिक लेखापरीक्षकों को निदेशक मंडल/लेखापरीक्षण की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है, जहां वार्षिक लेखा रखा जाता है, जिस पर वे अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और अपनी टिप्पणियां दे सकते हैं । बैंक के अर्धवार्षिक लेखा और वार्षिक लेखापरीक्षण करने के सीमित पुनरीक्षण के अतिरिक्त, वे 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लेखा की लेखापरीक्षा कर (टैक्स) उद्देश्यों के लिए भी कर रहे हैं ।

इस समय, आंतरिक लेखापरीक्षण का प्रकार्य मैसर्स जयकिशन एंड कंपनी - सनदी लेखाकारों की एक व्यावसायिक फर्म को सौंपा गया है । यह फर्म दो आंतरिक रिपोर्टें प्रस्तुत करती है अर्थात् मुख्य कार्यालय पर एक त्रैमासिक रिपोर्ट और मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय पर मासिक रिपोर्ट । ये रिपोर्टें बैंक/अंतर-शाखा लेखा के समाधान, लम्बे समय से समाधान में बकाया प्रविष्टियों के समायोजन और बकाया विविध/

उचंत प्रविष्टियों के समायोजन, भारतीय रिज़र्व बैंक को विभिन्न विवरणियां प्रस्तुत करने, इत्यादि के सहित, गृह व्यवस्था की स्थिति के बारे में एक त्रैमासिक रिपोर्ट और निवेश पर एक समवर्ती रिपोर्ट हैं । इन रिपोर्टों पर प्रक्रियागत कार्रवाई की जाती है तथा निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति के सामने उनके अवलोकन और टिप्पणियों के लिए रखी जाती हैं । आंतरिक लेखापरीक्षकों को, यदि आवश्यक हुआ तो निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति की बैठक में अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाता है ।

20. मानव संसाधन

20.1 अधिकारियों की संख्या

बैंक के अधिकारियों की कुल संख्या, यथा 30 जून, 2007 को 67 थी जबकि पूर्वतम वर्ष के अंत में यह 78 थी । इसके अतिरिक्त, बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक से चार अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया था ।

अपनी मानव पूंजी की (कार्य) कुशलता समुन्नत करने और प्रवीणता बढ़ाने के लिए, बैंक ने इस वर्ष के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण और प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के लिए अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया था और इस उद्देश्य के लिए स्वयं अपने कार्यक्रम भी आयोजित किए थे । इस वर्ष में विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 35 अधिकारी नामित किए गए थे । इसके अतिरिक्त, 5 अधिकारियों को विदेश में प्रशिक्षण और सम्मेलनों में भाग लेने के लिए भेजा गया था ।

इससे अलग, अधिकारियों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं अपने कार्यालय में ही आयोजित किए गए थे :-

1. बैंककारी कृषि कॉलेज, पुणे के सहयोग से ग्राहक के अनुकूल नायकत्व नवीनीकरण कार्यक्रम ।
2. डैरीवियम कैपीटल एंड सिक्यूरिटीज़ प्रा.लिमिटेड के सहयोग से व्युत्पन्नियों पर ग्राहक के अनुकूल कार्यशाला ।

20.2 वार्षिक एकान्तवास रिट्रीट कांफ्रेंस

भागीदारी प्रबंधन के संवर्धन के लिए, बैंक ने अपने सभी अधिकारियों के लिए एक रिट्रीट कांफ्रेंस का आयोजन किया । कंपनी की व्यापार योजना, मध्यावधि रणनीति और वार्षिक बजट आदि कुछ ऐसे महत्वपूर्ण विषय थे, जिन पर विचार-विमर्श किया गया था । क्षेत्रीय सुधार और व्यापार विकास के नए क्षेत्रों की पहचान के लिए अधिकारियों के विचार आमंत्रित किए गए और उनके क्रियान्वयन के लिए सुझाव मांगे गए थे ।

20.3 आरक्षण नीति का अनुपालन

बैंक में भारत सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जा रहा है । बैंक में एक संपर्क अधिकारी कार्य कर रहा है । बैंक द्वारा इस बारे में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पद आधारित नामावली (रोस्टर) रखी जा रही है ।

20.4 भर्ती नीति

बैंक ने एक नई भर्ती एवं चयन नीति तैयार की है । यह नीति बैंक को एक प्रभावी, कुशल और निष्पक्ष ढंग से अधिकारियों की भर्ती के लिए एक लचीला कार्यढांचा उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई है । इस नीति में भर्ती माध्यमों की एक व्यापक श्रेणी की व्यवस्था है और यह बैंक में अधिकारियों की ज़रूरत के आधार पर विभिन्न स्तरों पर पार्श्विक भर्ती संभव बनाती है ।

इस वर्ष में, स्केल-II से VII तक के विभिन्न स्केलों में 18 पदों पर भर्ती के लिए भर्ती अभियान चलाया गया था । भर्ती इन स्केलों में वर्तमान अंतराल को भरने के लिए की गई थी । चयनित अभ्यर्थियों से बैंक की सेवा शीघ्र ग्रहण करने की आशा की जाती है। तीन वर्षों के दौरान, अभ्यर्थियों ने स्केल-I में बैंक की सेवा ग्रहण की है ।

21. राजभाषा

21.1 राष्ट्रीय आवास बैंक सदैव भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति समर्पित रहा है और बैंक में हिंदी की प्रगति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी उपाय किए हैं ।

21.2 भारत सरकार द्वारा निर्धारित उपबंधों अर्थात् हिंदी/द्विभाषी रूप में प्राप्त सभी पत्रों का प्रत्युत्तर हिंदी में देने, धारा 3(3) के अधीन सभी दस्तावेज़ द्विभाषी रूप में जारी करने, बैंक की रिपोर्टों और प्रकाशनों का द्विभाषी मुद्रण, लेखन सामग्री की मदों का द्विभाषी मुद्रण, इत्यादि का पालन और उनका प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी की जा रही है । हिंदी कार्यशालाएं नियमित अंतराल से अयोजित की जाती हैं और बैंक के दैनिक प्रकार्यों में हिंदी के प्रयोग के संवर्धन के लिए 'हिंदी चेतना मास' भी मनाया जाता है । 'हिंदी चेतना मास' के 16 अगस्त, 2006 से 14 सितम्बर, 2006 तक के समारोह के दौरान 6 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं जिनमें भारी संख्या में बैंक के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था । 'योग' पर एक हिंदी वृत्त चित्र, हिंदी पुस्तकों, पत्रिकाओं और हिंदी के प्रयोग पर एक संगोष्ठी इस वर्ष में आयोजित की गई थी । विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं भी समय-समय पर प्रारम्भ की गई थीं जिससे कि बैंक के अधिकारियों द्वारा हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जा सके । बैंक की विभागीय राजभाषा क्रियान्वयन समिति की बैठकें तीन महीनों में एक बार आयोजित की जाती हैं, जिसमें बैंक के मुख्य कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में हिंदी के प्रयोग में प्रगति का पुनरीक्षण किया जाता है और प्रयोग बढ़ाने के लिए उपयुक्त उपाय अंगीकार किए जाते हैं ।

21.3 बैंक द्वारा प्रकाशित एक त्रैमासिक हिंदी पत्रिका "आवास भारती" विषय-वस्तु और पाठक, दोनों दृष्टियों से समृद्ध हुई है । इस पत्रिका ने वर्ष 2005-06 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से आयोजित एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता में चतुर्थ पुरस्कार जीता है । दिल्ली बैंक नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति द्वारा आयोजित एक अन्य प्रतियोगिता में पत्रिका को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है ।

हिंदी चेतना मास के पुरस्कार वितरण समारोह मे महाप्रबंधक श्री पी. के. कौल, कार्यपालक निदेशकगण श्री राज विकास वर्मा एवं श्री सुरेन्द्र कुमार

22. विविध

22.1 राष्ट्रीय आवास बैंक में ज्ञान केन्द्र

बैंक की ज्ञान संबंधी ज़रूरत पूरी करने के लिए मुख्य कार्यालय में एक प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में 'ज्ञान केन्द्र' स्थापित किया गया है । वर्ष 1989 में की गई एक साधारण शुरूआत से ज्ञान केन्द्र पिछले 18 वर्षों में प्रभावी रूप से बढ़ा है । इस ज्ञान केन्द्र की स्थापना ज्ञान बढ़ाने और उसके प्रभावी प्रसारण के माध्यम से प्रयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए की गई है । इसलिए, ज्ञान केन्द्र, बैंक के एक मुख्य जानकारी केन्द्र के रूप में कृत्य करता है और आवास एवं अन्य संबंधित विषयों से संबंधित प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के लिए बैंक के अधिकारियों, अनुसंधान कर रहे विद्यार्थियों की अपेक्षाओं को पूरी करने के लिए सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करता है । आज की तारीख में, आवास, बैंकिंग, निवेश, इत्यादि पर 3800 से अधिक हिंदी/अंग्रेज़ी पुस्तकों का एक संग्रह उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त, ज्ञान केन्द्र तकनीकी एवं ग़ैर-तकनीकी विषयों से संबंधित 50 से भी अधिक पत्रिकाएं मंगाता है ।

22.2 प्रतिनिधि कार्यालय खोलना

देश में क्षेत्रीय उपस्थिति बढ़ाने के लिए, बैंक ने एक प्रतिनिधि कार्यालय हैदराबाद में खोला है । यह क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिणी क्षेत्र की आवास वित्त की अपेक्षाओं को पूरी कर रहा है । बैंक की योजना शीघ्र ही अन्य क्षेत्रीय केन्द्र खोलने की है ।

23. भावी दृष्टिकोण

23.1 प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने स्वयं को आवास वित्त बाज़ार के विकासक, एक प्राथमिक संस्थान के रूप में पुनः संस्थापित करने का प्रयास करना चाहा और सतत तथा सम्मिलित वित्तपोषण पर ध्यान केन्द्रित किया । अभिनवकरण और उत्तरदायित्व पर बल दिया गया है । इसी के साथ, संस्थागत ऋण को असेवितों एवं अल्पसेवितों के लिए प्रेरित किया जाने के प्रति प्रयास किया गया है । वित्तीय क्षेत्र की वाणिज्यिक विवशताओं के साथ विकास उद्देश्यों के समाधान ने भारी चुनौती पैदा की है ।

23.2 इस बारे में चार मुद्दे सामने आते हैं । ये हैं - उपलब्धता, सामर्थ्यता, जोखिम अल्पीकरण, सामर्थ्यकारी विधिक और नीतिगत कार्यढांचा । ग़रीबों के लिए वित्त की पर्याप्त उपलब्धता अधिकतर देशों में सदा ही एक चुनौती रही है । उदाहरणार्थ, भारत में, जहां 2000-2006 की अवधि में बंधक वित्त ने 46.4% की एक चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है, वहीं खातों की संख्या, प्रति पुरुष मकानों की संख्या ने यह उपदर्शित करते हुए, केवल 12.3% की एक चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है कि वृद्धि मूल्य चालित है न कि प्रमात्रा चालित । इस प्रकार से, हम ग़रीब आवास के लिए औपचारिक संस्थागत वित्त तक कैसे पहुंच सकते हैं ? जबकि परम्परागत रूप से बैंक्कारी प्रणाली आवास वित्त की मुख्य प्रदाता रही है, क्या वहीं पूंजी बाज़ार, व्यष्टि वित्त संस्थान, सामुदायिक संगठनों जैसे वित्त प्रणाली के अन्य खंडों का सार्थक और सतत ढंग से दोहन किया जा सकता है ? विभिन्न वित्तीय उत्पाद और निवेश क्या हो सकते हैं, जो ग़रीबों को आवास के लिए औपचारिक वित्त प्रदान कर सकते हैं ? क्या यहां कोई नई वित्तीय संरचना होनी चाहिए ? ये सभी ऐसे विषय हैं जिनका अध्ययन किया जाना आवश्यक है ।

23.3 ग़रीबों के लिए वित्त सहायता प्रदान करने में एक अन्य भारी सरोकार सामथ्यर्ता का है । जीविका अथवा उद्यम वित्त की तुलना में, आवास वित्त के लिए अपेक्षित लम्बी अवधि से प्रबलित, ऐसा आवास के मामले में भी है । सामर्थ्यता में न केवल ऋण की लागत, अपितु आवास की लागत भी शामिल रहती है, जैसे कि सम्पत्ति के बढ़ते मूल्यों के साथ, वित्त की प्रमात्रा इतनी बढ़ जाती है कि सामान्य वाणिज्यिक शर्तों पर एक ऋण लेना ग़रीब की सामर्थ्य से परे हो जाता है । यहां एक सीमान्त राशि भी है, जिसका अंशदान हिताधिकारी को करना पड़ता है । क्या सरकार की आर्थिक सहायता पर विचार किया जा सकता है, और यदि ऐसा है, तक कितना लक्षित अथवा न्यूनतम किया जा सकता है, जिससे कि एक ऋण संस्कृति प्रोत्साहित की जा सके ?

23.4 इस बारे में जोखिम अल्पीकरण ग़रीबों को संस्थागत वित्त का प्रवाह सुगम बनाने में महत्वपूर्ण हो जाता है । विकासशील देशों में जोखिम अल्पीकरण तंत्र एक प्रारम्भिक अवस्था में है । स्वयं भारत में, उसका व्यावहारिक रूप से अभाव है, यद्यपि अन्य वित्तीय बाज़ारों में जोखिम अल्पीकरण तंत्र काम कर रहा है । बंधक बीमा/गारंटी, गारंटी निधि, इत्यादि जैसा तंत्र स्थापित करने की ज़रूरत होगी । स्वत्वाधिकार की क्षतिपूर्ति भी एक अन्य तंत्र है ।

23.5 राज्य की भूमिका अंतिम किन्तु मात्र इतनी ही नहीं है । इस तथ्य को कहने में कोई अभिलाभ नहीं है कि किसी वित्तीय अथवा विकासात्मक पहल में, सरकार को महती भूमिका अदा करनी पड़ती है । तदनुसार, ग़रीब के अनुकूल आवास वित्त का संभव हल निकालने में सरकार को एक सार्थक स्थिति में मौजूद रहना आवश्यक होगा । सरकार की भूमिका अर्थक्षम अंतराल निधिकरण, जोखिम अल्पीकरण, भूमि की अवधि से संबंधित विषयों के समाधान, नगर एवं क्षेत्रीय नियोजन, राजकोषीय मुद्दों, संपत्ति का विश्वसनीय अभिलेख निर्धारित करने और बनाएरखने और आंकड़ा आधार, उपयुक्त आंकड़ा आधार के रूप में हो सकती है और उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक समुचित विधिक कार्यढांचा मौजूद है और प्रवर्तनीय है ।

23.6 संयुक्त राज्य के सब-प्राइम बंधक संकट ने वैश्विक वित्तीय क्षेत्र पर अपनी छाया डाल दी हे । जहां भारतीय बंधक बाज़ार प्रभावित नहीं है, वहीं मूलभूत सिद्धांतों के प्रति दृढ़ रहने की ज़रूरत पर पुनः बल दिया गया है । अल्प आय के मकानों के लिए वित्त का किसी भी प्रकार निहितार्थ सम्यक बुद्धिमानी और जोखिम प्रबंधन से पलायन नहीं होता है । उपयुक्त वित्तपोषण सहायक सरकार और विनियामक नीतियों सहित जोखिम कम करने वाली संरचना तैयार करने की ज़रूरत होगी । बैंक बाज़ार और व्यावसायिक विशेषज्ञों के सहयोग से ऐसे ही एक प्रयास में अग्रणी भाग ले रहा है ।

डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, भारत के राष्ट्रपति के साथ श्री एस.श्रीधर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

वार्षिक लेखा
2006-07

19वें वार्षिक लेखा पर विचार-विमर्श करते हुए निदेशक मंडल की बैठक

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

हमने यथा 30 जून, 2007 को राष्ट्रीय आवास बैंक के (सामान्य और विशेष आरक्षित निधि) संबद्ध तुलन-पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसके साथ संलग्न लाभ एवं हानि लेखा की लेखापरीक्षा की है । ये वित्तीय विवरण बैंक के प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं । हमारा उत्तरदायित्व हमारे लेखापरीक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय देना है ।

हमने अपना लेखापरीक्षण भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार किया है । इन मानकों की अपेक्षा है कि क्या वित्तीय विवरण मिथ्या कथन से मुक्त हैं ? इस बारे में हम उपयुक्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षण की योजना तैयार करें और उसका निष्पादन करें । किसी भी लेखापरीक्षण में परीक्षण के आधार पर परीक्षा वित्तीय विवरणों में राशि और प्रकटन का प्रमाण समर्थन करना शामिल होता है । लेखापरीक्षण में प्रस्तुत समग्र वित्तीय विवरण का मूल्यांकन करने के अतिरिक्त, प्रबंधन द्वारा किए गए सार्थक अनुमानों तथा प्रयुक्त लेखांकन सिद्धांतों का आकलन करना भी शामिल है । हमें विश्वास है कि हमारा लेखापरीक्षण हमारी राय के लिए एक उपयुक्त आधार प्रदान करता है ।

हम यथा निम्न रिपोर्ट करते हैं :

क. तुलन-पत्र और लाभ तथा हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और राष्ट्रीय आवास बैंक (गंदी-बस्ती सुधार एवं अल्प आवास निधि) विनियमावली, 1993 के उपबंधों के अनुसार सामान्य आरक्षित निधि तथा विशेष आरक्षित निधि के लिए उसके अधीन निर्मित विनियमों के अनुसार तैयार किया गया है ।

ख. हमारी राय में, कानून में यथा अपेक्षित, उचित बही खाता बैंक की ओर से वहां तक रखे गए हैं, जहां तक कि उन बही खातों की परीक्षा से प्रतीत होता है ।

ग. इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन-पत्र और लाभ तथा हानि लेखा खाता बहियों से मेल खाता है ।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

1. i) हम निम्नलिखित मामलों और उनका जो प्रभाव बैंक के लेखा पर हो सकता है, के संबंध में बैंक द्वारा किए गए व्यवहार पर कोई राय देने में असमर्थ हैं, क्योंकि अंतिम निर्णय अभी भी न्यायालय की ओर से किया जाना है और रकमें भी अवधारित की जानी हैं ।

   क. विशेष न्यायालय एवं अन्यों द्वारा एक डिक्री के अनुसरण में स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र से प्राप्त हुए "अन्य देयता" में शामिल 237.06 करोड़ रुपए (नोट सं.16(1) ।

   ख. बैंक की ओर से स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र को संदत्त 95.40 करोड रुपए के द्योतक अन्य आस्तियों के रूप में आ रहे 149.37 करोड़ रुपए और विशेष न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में अभिरक्षक को बैंक द्वारा दिए गए 53.97 करोड़ रुपए (नोट सं.16(2) ।

   ii) बैंक ने लेखांकन मानक-28 (एएस-28) में सूचीबद्ध आस्तियों की हानि निर्धारित नहीं की है । तदनुसार, कोई प्रावधान नहीं किया गया है (देखें - लेखा की टिप्पणियों की टिप्पणी सं.24) ।

   iii) भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए 20.00 लाख रुपए से परे के आवासीय ऋणों के मानक अग्रिमों पर प्रावधानन अपेक्षा 0.40% से बढ़ाकर 1% कर दी है । राष्ट्रीय आवास बैंक आस्ति वर्गीकरण और उसके प्रावधानन पर भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों का पालन कर रहा है । एक विवेकसम्मत उपाय के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक ने प्रत्यक्ष उधार (अर्थात् परियोजना वित्त)

के अधीन 568.55 करोड़ रुपए के बकाया ऋणों पर 1% की दर से प्रावधान किया है । जहां उसकी पुनर्वित्त मानक आस्तियों पर ऐसे अतिरिक्त प्रावधान का प्रश्न है, इस मामले पर भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पत्राचार चल रहा है (प्रावधान की राशि अभिनिश्चनीय नहीं है)। (देखें - लेखा की टिप्पणियों की टिप्पणी सं.25)।

2. इसके अतिरिक्त हम, उपर्युक्त अनुच्छेद-1 में, हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार और बैंक की लेखा बहियों में दर्शाए अनुसार, कथित लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अधीन निर्मित विनियमों में अपेक्षित जानकारी इस प्रकार से आवश्यक ढंग से और सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन के सिद्धांतों के अनुरूप देते हैं । हम रिपोर्ट करते हैं कि -

3. जहां हमने जानकारी और स्पष्टीकरण मांगा है, ऐसी जानकारी एवं स्पष्टीकरण हमें दिए गए हैं और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है ।

i) तुलन-पत्र पर टिप्पणियों एवं सार्थक लेखांकन नीतियों के साथ पठित, बैंक का तुलन-पत्र एक सर्वांगीण तुलन-पत्र है जिसमें सभी आवश्यक विवरण अंतर्विष्ट है और यथा 30 जून, 2007 को बैंक के कार्यों का एक वास्तविक एवं स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदर्शित करने के लिए उचित रूप से तैयार किया गया है ।

ii) लाभ एवं हानि लेखा तथा उस पर टिप्पणियों एवं सार्थक लेखांकन नीतियों के साथ पठित लाभ एवं हानि लेखा उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ का वास्तविक शेष दर्शाता है ।

कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(श्रीमती सिमरन सिंह)
भागीदार
एफ-98641

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 22 अक्तूबर, 2007

राष्ट्रीय आवास बैंक

तुलन-पत्र

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)		दायित्व	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
450.00	1.	पूंजी	I	450.00
1,287.74	2.	आरक्षितियां	II	1,389.07
0.00	3.	लाभ एवं हानि लेखा	III	0.00
11,465.48	4.	बंधपत्र एवं डिबेंचर	IV	9,083.27
400.00	5.	अधीनस्थ ऋण		400.00
4,993.76	6.	उधार	V	8,995.68
78.72	7.	आस्थगित कर-देयता (निवल)		76.06
599.29	8.	चालू दायित्व और प्रावधान	VI	820.85
272.49	9.	अन्य दायित्व	VII	272.49
41.34	10.	बैंकों/आ.वि.कं. में गृह ऋण खाते में जमाराशियां-विलोम प्रविष्टि के अनुसार (संदर्भ नोट सं.21.5)		14.02
19,588.82		**योग**		**21,501.44**
187.70		**आकस्मिक देयता**	**XIII**	**200.54**
		लेखा की अंगभूत टिप्पणियां	**XIV**	

ह./-
ए.पी.सक्सेना
सहायक महाप्रबंधक

ह./-
आर.एस.गर्ग
महाप्रबंधक

ह./-
सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक

ह./-
आर.वी.वर्मा
कार्यपालक निदेशक

ह./-
एस.श्रीधर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशकगण

ह./-
विद्याधर के.पाठक

ह./-
डॉ.एरोल डीसूज़ा

ह./-
आर.वी.शास्त्री

ह./-
जयश्री ए.व्यास

ह./-
श्यामला गोपीनाथ

ह./-
लक्ष्मी चंद

डॉ.एच.एस.आनंद

ह./-
अमिताभ वर्मा

ह./-
नीलम साहनी

ह./-
एम.वी.पी.सी. शास्त्री

मोहिन्दर सिंह

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 2007

यथा 30 जून, 2007 को

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)		दायित्व	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
2,157.94	1.	नकदी एवं बैंक शेष	VIII	972.01
424.33	2.	निवेश	IX	288.23
16,363.20	3.	ऋण एवं अग्रिम	X	19,571.85
24.25	4.	स्थायी आस्तियां	XI	23.37
577.76	5.	अन्य आस्तियां	XII	631.96
41.34	6.	बैंकों/आ.वि.कं.के पास गृह ऋण खाते में जमाराशियां (इसमें से 1.23 करोड़ रुपए स्वतः पुनर्वित्त के रूप में प्रयुक्त)		14.02
19,588.82		**योग**		**21,501.44**

सम दिनांक की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(सुश्री सिमरन सिंह)
भागीदार
एम.नं.एफ.98641

लाभ एवं हानि लेखा

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)		व्यय	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
979.88	1.	ब्याज	1,213.19
4.28	2.	स्टाफ के वेतन, भत्ते और सेवांत लाभ	4.45
0.17	3.	निदेशकों और समिति के सदस्यों की फीस और व्यय	0.08
0.09	4.	लेखापरीक्षा फीस	0.06
0.95	5.	भाड़ा, कर, बिजली और बीमा	0.96
0.29	6.	डाक व्यय,तार, टैलैक्स और टेलीफोन	0.27
0.06	7.	विधि विषयक व्यय	0.13
0.44	8.	लेखन सामग्री, मुद्रण, विज्ञापन, आदि	0.72
2.32	9.	अवक्षयण	2.39
8.81	10.	दलाली, गारंटी शुल्क और अन्य वित्तीय प्रभार	3.75
0.25	11.	स्टांप डयूटी (नोट नं.23 का संदर्भ देखें)	2.03
0.83	12.	यात्रा व्यय	1.14
5.02	13.	अन्य व्यय	5.03
0.05	14.	निवेश पर अवक्षयण	0.03
0.05	15.	प्रतिभूतियों के विक्रय पर हानि	0.00
2.41	16.	विदेशी जमा और उधार की राशि के पनर्मूल्यांकन पर घाटा	6.57
33.88	17.	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान (नोट नं.25 का संदर्भ देखें)	16.24
17.94	18.	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अधीन डूबे ऋणों के लिए प्रावधान	10.75
@	19.	धन कर	0.07
8.30	20.	आस्थगित कर	0.00
51.39	21.	आयकर	69.20
0.48	22.	अनुषंगी लाभ कर का प्रावधान	0.18
86.39	23.	लाभ का शेष (सी/डी)	114.31
1,204.28		**योग**	**1,451.55**

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)			चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
0.00	24.	स्टांप डयूटी के लिए प्रावधान(नोट नं.23 का संदर्भ देखें.	13.11
0.19	25.	कर्मचारी हितकारी निधि में अंतरण	0.22
0.22	26.	निवेश, अस्थिरता आरक्षित निधि में अंतरण	0.00
54.22	27.	आरक्षित निधि में अंतरण	61.71
5.00	28.	आरक्षित कराधान में अंतरण	0.00
24.29	29.	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि में अंतरण	30.20
7.41	30.	तुलन-पत्र में अग्रनीत शेष	9.15
91.33		**योग**	**114.39**

@राशि 0.50 लाख रुपए से कम

ह./-	ह./-	ह./-	ह./-	ह./-
ए.पी.सक्सेना	**आर.एस.गर्ग**	**सुरेन्द्र कुमार**	**आर.वी.वर्मा**	**एस.श्रीधर**
सहायक महाप्रबंधक	महाप्रबंधक	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक

ह./-	ह./-	ह./-	ह./-
विद्याधर के.पाठक	**डॉ.एरोल डीसूज़ा**	**आर.वी.शास्त्री**	**जयश्री ए.व्यास**
ह./-	ह./-		ह./-
श्यामला गोपीनाथ	**लक्ष्मी चंद**	**डॉ.एच.एस.आनंद**	**अमिताभ वर्मा**
ह./-	ह./-		
नीलम साहनी	**एम.वी.पी.सी.शास्त्री**		**मोहिन्दर सिंह**

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 2007

30 जून, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)		आय		चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
	1.	ऋण, अग्रिमों और बैंक में जमाराशियों पर ब्याज		
938.24		क. ऋण एवं अग्रिम	1,275.91	
232.97		ख. बैंक में जमाराशि	149.62	1,425.53
3.46	2.	निवेश से आय		3.89
5.93	3.	अन्य आय (आईआरएस हेज से 0.06 करोड रुपए की आय सहित)		1.19
20.27	4.	निवेश विक्रय पर लाभ		11.37
@	5.	स्थायी आस्तियों के विक्रय पर लाभ		@
2.03	6.	वायदा विनिमय अनुबंध पर लाभ (निवल)(नोट नं.14.3 के संदर्भ में)		5.51
1.12	7.	प्रावधान अब आवश्यक नहीं, अब पुनरांकित		1.33
0.26	8.	प्रावधान एवं आकस्मिक व्यय (निवेश पर आधिक्य प्रावधानित राशि वापस)		0.08
0.00	9.	आस्थगित कर (निवल)		2.65
1,204.28		**योग**		**1,451.55**
86.39	10.	नीचे लाई गई लाभ की शेष राशि		114.31
0.00	11.	पूर्वतम वर्षों के लिए गारंटी शुल्क कमीशन		0.08
4.94	12.	कराधान आरक्षित निधि से अंतरण		0.00
91.33				**114.39**

@राशि 0.50 लाख रुपए से कम

सम दिनांक की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(सुश्री सिमरन सिंह)
भागीदार
एम.नं.एफ.98641

30 जून, 2007 को तुलन-पत्र की अनुसूचियां

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
	अनुसूची - I	
	पूंजी	
450.00	1. प्राधिकृत	450.00
450.00	2. निर्गमित और चुकता (भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पूर्णतः अभिदत्त)	450.00
450.00		**450.00**

अनुसूची - II
आरक्षितियां

(करोड़ रुपए)

विवरण	प्रारम्भिक जमा	जोड़	कटौती	इति शेष
1. आरक्षित निधि	804.27	61.71	0.00	865.98
2. विशेष निधि (गंदी-बस्ती सुधार एवं अल्प लागत आवास निधि)	221.11	9.15	0.00	230.26
3. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अनुसार विशेष आरक्षित निधि, 1961	234.00	30.20	0.00	264.20
4. निवेश अस्थिरता आरक्षित निधि	20.08	0.00	0.00	20.08
5. कराधान आरक्षितियां	7.45	0.00	0.00	7.45
6. कर्मचारी हिताधिकारी निधि	0.83	0.27	0.00	1.10
योग	**1,287.74**	**101.33**	**0.00**	**1,389.07**

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)			चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
	अनुसूची - III		
	लाभ एवं हानि लेखा		
0.67	1. निवल लाभ का आदि शेष	0.00	
0.67	क. घटाएं : भा.रि.बैंक को अंतरित राशि	0.00	
7.41	ख. जोडें : संलग्नक के अनुसार लाभ एवं हानि लेखा का शेष	9.15	
	ग. घटाए : गंदी-बस्तियों के सुधार का लाभ एवं कम लागत आवास निधि का अंतरण		
7.41	अंतरित निधि	9.15	0.00
0.00			**0.00**

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - IV		
		बंधपत्र व डिबेंचर		
368.00	1.	सरकारी गारंटीशुदा बंधपत्र		343.00
0.00	2.	जीरो कूपन बंधपत्र		174.20
0.00	3.	8.10% रा.आ.बैंक के बंधपत्र		145.00
	4.	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बंधपत्र		
950.00		क. करमुक्त बंधपत्र	800.00	
1,689.48		ख. कर योग्य बंधपत्र	1,368.83	
509.00		ग. विशेष श्रृंखला बंधपत्र	491.60	2,660.43
7,949.00	5.	पूंजीगत अभिलाभ बंधपत्र		5,760.64
11,465.48				**9,083.27**
		अनुसूची - V		
		उधार की राशि		
	1.	**भारतीय रिज़र्व बैंक से**		
50.00		क. राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि		50.00
34.23		ख. अन्य (ऋण सहायता)		31.59
	2.	अन्य स्रोतों से		
4,431.30		क. भारत में		8,503.63
478.23		ख. भारत से बाहर		410.46
4,993.76				**8,995.68**
		अनुसूची - VI		
		चालू दायित्व और प्रावधान		
265.61	1.	देय ब्याज		302.77
1.99	2.	सेवांत लाभार्थ प्रावधान		2.89
208.61	3.	आयकर/धन कर/अनुषंगी लाभ कर के लिए प्रावधान		278.04
65.47	4.	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान		81.71
30.07	5.	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अधीन डूबे ऋणों का प्रावधान		40.82
0.31	6.	गृह ऋण खाता योजना के लिए प्रावधान		0.25
0.00	7.	स्टांप ड्यूटी के लिए प्रावधान		14.47
15.55	8.	पुनर्शोधित संदेय ऋणपत्र		88.80
11.68	9.	अन्य		11.10
599.29				**820.85**

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)					चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - VII			
		अन्य दायित्व			
237.20	1	1991-92 का अपरिनिर्धारित संव्यवहार			237.20
35.29	2	अपरिनिर्धारित लेनदेन पर ब्याज			35.29
272.49					**272.49**
		अनुसूची - VIII			
		नकदी एवं बैंक शेष			
@	1.	हस्तगत रोकड़ एवं धनादेश			@
0.02	2.	भारतीय रिज़र्व बैंक में अतिशेष			0.03
	3.	अन्य बैंकों में अतिशेष			
		क. भारत में :			
18.42		(i) चालू खाता		57.65	
1,640.84		(ii) बैंकों, आवास वित्त कंपनियों में आवधिक जमाराशियां (बैंकों के पास अधिकतम ऋण सहायता/आवधिक ऋण प्रबंध के लिए गिरवीं रखे 250 करोड़ रुपए)		487.77	
0.00		(iii) सावधि जमा - कर्मचारी हिताधिकारी निधि		0.78	546.20
		ख. भारत से बाहर :			
498.66		बैंकों/आ. वि. कं. में जमा आवधिक जमाराशि			425.78
2,157.94		@ 0.50 लाख रुपए से कम राशि			**972.01**
		अनुसूची - IX			
		निवेश			
		(लागत अथवा बाज़ार मूल्य पर, जो भी कम हो)			
1.84	1.	केन्द्र की दिनांकित प्रतिभूतियां			1.90
5.80	2.	आवास वित्त संस्थानों के स्टॉक			5.80
0.53	3.	भवन निर्माण सामग्री की कंपनियों के स्टॉक		0.53	
0.53		घटाएं : अवक्षयण		0.53	0.00
	4.	अन्य संस्थानों के स्टॉक, शेयर, बंधपत्र, डिबेंचर और प्रतिभूतियां			
370.60		क. म्युचुअल फंड की यूनिटें		229.80	
1.19		ख. एसपीवी न्यास के पास थ्रू प्रमाण-पत्रों में निवेश, जिनका रा.आ.बैंक ट्रस्टी है		0.83	
		ग. अन्य निवेश :			
40.00		i) गौण बंधपत्र	45.00		
4.90		ii) अन्य	4.90	49.90	280.53
424.33		@0.50 लाख रुपए से कम राशि			**288.23**

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - X		
		ऋण और अग्रिम		
	I	पुनर्वित्त		
	1.	आवास वित्त संस्थान :		
4,912.04		क. आवास वित्त कंपनियां		4,799.58
166.82		ख. सहकारी आवास वित्त समितियां		150.24
	2.	अनुसूचित बैंक :		13,879.11
10,430.46		क. वाणिज्यिक बैंक	13,815.00	
2.36		ख. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	1.76	
86.07		ग. शहरी सहकारी बैंक	62.35	
283.86	3.	राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक/ भूमि विकास बैंक		198.08
	II	प्रत्यक्ष उधार		
505.40	4.	आवास बोर्ड, विकास प्राधिकारण, इत्यादि		568.55
3.63	III	अन्य (अधिग्रहीत ऋण)		3.39
16,390.64		सकल ऋण एवं अग्रिम		**19,598.95**
27.44	घटाएं :	अनिष्पादित आस्तियों के लिए प्रावधान		27.10
16,363.20		निवल ऋण एवं अग्रिम		**19,571.85**

अनुसूची - XI
स्थायी आस्तियां

(राशि करोड़ रुपए में)

	लागत खंड				अवक्षयण				निवल खंड	
विवरण	**यथा 01.07.2006**	**परिवर्धन**	**विलोपन/ समायोजन**	**यथा 30.06.2007**	**यथा 01.07.2006**	**परिवर्धन**	**विलोपन/ समायोजन**	**यथा 30.06.2007**	**यथा 30.06.2007**	**यथा 30.06.2006**
परिसर	34.80	-	-	34.80	13.06	1.09	-	14.15	20.65	21.74
मोटर वाहन	0.92	-	-	0.92	0.64	0.18	-	0.82	0.10	0.28
फर्नीचर एवं जुड़नार (फिक्स्चर)	1.89	0.05	@	1.94	1.67	0.04	@	1.71	0.23	0.22
कार्यालय संबंधी उपकरण	1.39	0.16	0.03	1.52	1.19	0.12	0.02	1.29	0.23	0.20
कंप्यूटर/माइक्रोप्रोसेसर	5.40	1.30	0.16	6.54	3.63	0.94	0.16	4.41	2.13	1.77
आवास सज्जा फर्नीचर के तहत आस्तियां	0.11	0.01	0.02	0.10	0.07	0.02	0.02	0.07	0.03	0.04
योग	**44.51**	**1.52**	**0.21**	**45.82**	**20.26**	**2.39**	**0.20**	**22.45**	**23.37**	**24.25**
पूर्वतम वर्ष	**44.04**	**0.69**	**0.22**	**44.51**	**18.16**	**2.31**	**0.21**	**20.26**	**24.25**	

@0.50 लाख रुपए से कम राशि

पूर्वतम वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - XII		
		अन्य आस्तियां		
	1.	प्यनीय ब्याजः		
93.21		क. बैंक में जमाराशियों पर	44.66	
4.00		ख. निवेश पर	1.13	45.79
	2.	अग्रिम, प्राप्यनीय, अग्रिम कर, स्रोत पर कटा आयकर, इत्यादि		
1.72		क. कर्मचारी ऋण एवं अग्रिम	1.68	
320.38		ख. अग्रिम कर, स्रोत पर कटा आयकर एवं विवादित कर मांग का भुगतान, इत्यादि	396.22	
3.60		ग. विदेशी उधार की राशि पर विनिमय हानि भारत सरकार से वसूलनीय	3.11	
		घ. विविध वसूली संदिग्ध मानी गई		
1.05		घटाएं : प्रावधान	0.46	
1.05		घटाएं : प्रावधान	0.46	0.00
2.46		ङ पूर्व संदत्त व्यय	2.49	
1.52		च. सीसीआईएल में जमाराशि	2.02	
0.41		छ. अन्य	0.69	406.21
1.09	3.	वायदा विनिमय अनुबंध		3.05
149.37	4.	1991-92 का अपरिनिर्धारित लेनदेन		149.37
0.00	5.	जीरो कूपर बंधपत्र पर आस्थगित डिस्काउंट (नोट नं.12.2 के संदर्भ में)		27.54
577.76				**631.96**

अनुसूची - XIII

आकस्मिक देनदारियां (नोट के संदर्भाधीन)

33.37	1	आयकर	पैरा 19.4	42.19
41.34	2	गृह ऋण खाता योजना में जमा	पैरा 21.5	14.02
90.97	3	बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण निर्गम के लिए दी गई गारंटी		94.38
21.97	4	वायदा विनिमय अनुबंध के मद्दे देनदारी	पैरा 14.4	49.95
0.05	5	घोटाले से भिन्न न्यायालय में विचाराधीन अन्य मामले		0.00
187.70				**200.54**

अनुसूची-XIV

लेखा की अंगीभूत टिप्पणियां

क. सार्थक लेखांकन नीतियां

1. सामान्य

1.1 बैंक अपना लेखा सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार, प्रोद्भवन के आधार पर तैयार करता है ।

1.2 तुलन-पत्र और लाभ तथा हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अधीन निर्मित राष्ट्रीय आवास बैंक सामान्य विनियमावली, 1988 की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं ।

1.3 वित्तीय विवरणों की तैयारी में अपेक्षित है कि प्रबंधन अनुमान लगाता है और पूर्वानुमान करता है जो रिपोर्ट की अवधि के दौरान प्रतिवेदित आय एवं व्यय और वित्तीय विवरण की उस तारीख पर आस्तियों में दायित्वों की प्रतिवेदित राशि को प्रभावित करते हैं । प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणों की तैयारी में प्रयुक्त अनुमान विवेकसम्मत और उपयुक्त होते हैं । वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं ।

2. राजस्व का अभिज्ञान

2.1 अनुपयोज्य आस्तियों को छोड़ कर, ऋणों एवं अग्रिमों पर ब्याज का लेखा प्रोद्भवन के आधार पर दिया जाता है । अनुपयोज्य आस्तियों के संबंध में, ब्याज का लेखा प्राप्तियों के आधार पर दिया जाता है ।

2.2 आय की कतिपय मदें (कहें कि पूर्वभुगतान उद्ग्रहण, आर्थिक दंड, विविध प्राप्तियां, इत्यादि) लेखांकन मानक (एएस-9) के अनुसार नकदी आधार पर स्वीकार की जाती हैं । तथापि, ऐसी आय को महत्वपूर्ण होना नहीं समझा जाता है।

3. निवेश

3.1 **वर्गीकरण**

निवेश को "व्यापार के लिए रखा", "विक्रय के लिए उपलब्ध" और "परिपक्वता में रखा" वर्गों से वर्गीकृत किया जाता है । विवरण निम्न प्रकार से है :-

क. जो निवेश अल्पावधि मूल्य/ब्याज दर संचलन का लाभ लेते हुए व्यापार के आशय से अधिग्रहीत किए जाते हैं, उन्हें "व्यापार के लिए रखा" में वर्गीकृत किया जाता है । ऐसा निवेश इस वर्ग में अधिग्रहण की तारीख से 90 दिनों के लिए रखा जाता है ।

ख. जो निवेश परिपक्वता में रखा जाने के लिए आशायित होता है, उसे "परिपक्वता में रखा" वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है ।

ग. जो निवेश उपर्युक्त में से किसी भी वर्ग में नहीं आते हैं, "विक्रय के लिए उपलब्ध" वर्ग में वर्गीकृत किए जाते हैं ।

3.2 **मूल्यांकन**

3.2.1 निवेश की अधिग्रहण लागत अवधारित करने में -

क. अभिदान पर प्राप्त दलाली/कमीशन प्रतिभूतियों की लागत से काटा जाता है ।

ख. अधिग्रहण के समय उपगत दलाली एवं अंतरण प्रभारों का पूंजीकरण किया जाता है ।

ग. प्रतिभूतियों के अधिग्रहण की तारीख (अर्थात् ब्याज की खंडित अवधि) तक प्रोद्भूत ब्याज अधिग्रहण की लागत से निकाल दिया जाता है।

3.2.2 "व्यापार के लिए रखा" वर्ग में वर्गीकृत वैयक्तिक पर्चियां (स्क्रिप्स), वहां, जहां बाज़ार की कोटेशन उपलब्ध नहीं हैं, बही मूल्य से कम अथवा बाज़ार मूल्य पर मूल्यांकित की जाती हैं । कोई अवक्षयण, यदि है, तो उसका भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विहित निवेश के वर्गीकरण के अनुसार, वर्गक्रम से पूर्ण योग हो जाता है तथा लाभ एवं हानि लेखा में मान्य हो जाता है जबकि लागत वृद्धि पर ध्यान नहीं दिया जाता है । वैयक्तिक पर्ची का बही मूल्य नहीं बदलता है ।

3.2.3 "परिपक्वता में रखा" वर्ग के निवेश अधिग्रहण लागत में ले जाए जाते हैं । जहां कहीं, बही मूल्य अंकित मूल्य/शोधन मूल्य से अधिक है, वहां अधिक मूल्य को परिपक्वता की शेष अवधि में समान रूप से परिशोधित किया जाता है ।

3.2.4 "विक्रय के लिए उपलब्ध" वर्गाधीन निवेश का मूल्यांकन लागत अथवा बाज़ार मूल्य में से जो भी कम हो, पर किया जाता है । जहां बाज़ार की कोटेशनें उपलब्ध नहीं हैं, वहां इस उद्देश्य से बाज़ार मूल्य स्थायी आय मुद्रा बाज़ार और भारतीय व्युत्पन्नी एसोसिएशन/भारतीय प्राथमिक व्यापारी एसोसिएशन/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार संगणित वसूली योग्य मूल्य के आधार पर निकाला जाता है । अवक्षयण, यदि कोई है, का पूर्ण योग भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विहित निवेश के वर्गीकरण के अनुसार वर्ग-क्रम से हो जाता है और लाभ एवं हानि लेखा में मान्य हो जाता है और लागत वृद्धि पर ध्यान नहीं दिया जाता है । वैयक्तिक पर्ची का बही मूल्य नहीं बदलता है ।

3.2.5 राजकोषीय बिल एवं वाणिज्यिक पेपरों को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है ।

3.2.6 ऋणपत्रों/बंधपत्रों, इत्यादि के संबंध में, जहां आय/मूलधन शोधित नहीं होता है, वहां अवक्षयण के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों के अनुसार किया जाता है ।

